''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 29 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए बुधवार, 29 जनवरी 2025 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## वजीराबाद के प्लांट को अपग्रेड करने के लिए दिल्ली सरकार ने नहीं उठाया कोई कदम

**अपनी नाकामी का ठीकरा दूसरों पर फोड़ रहे अरविंद केजरीवाल : नायब सिंह सैनी**

**दिल्ली को सीएलसी और दिल्ली शाखा के माध्यम से दिया जा रहा साफ पानी**

**हरियाणा से दिल्ली को हो रही 1049 क्यूसेक पानी की सतत आपूर्ति : मुख्यमंत्री**



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल द्वारा जहरीले पानी का बयान आम आदमी पार्टी द्वारा आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों में मतदाताओं को प्रभावित करने और अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए बनाया गया एक राजनीतिक हथकंडा है। हमने इस मामले की शिकायत चुनाव आयोग से की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी को पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करना एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसे हरियाणा बिना किसी कमी के पूरा कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने दिल्ली सरकार की विफलता की पोल खोलते हुए कहा कि साल 2021 में, दिल्ली ने एक याचिका दायर की, जिसमें केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने जवाब दिया। इस जवाब में बताया गया कि वजीराबाद तालाब में अमोनिया नाइट्रोजन की समस्या है। साथ ही यह भी बताया गया कि आगरा में एक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट है, जो 24 एमजी/एल तक अमोनिया वाले पानी को साफ कर सकता है। लेकिन, दिल्ली सरकार ने अभी तक वजीराबाद के इस प्लांट को अपग्रेड करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है। इसी का नतीजा है कि दिल्ली के लोग आज भी गंदा पानी पीने को मजबूर है लेकिन अरविंद केजरीवाल अपनी नाकामी छुपाने के लिए अब हरियाणा पर दोषारोपण कर रहे हैं।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा के लोग यमुना नदी को माँ का स्थान देते हैं। यमुना हरियाणा और दिल्ली दोनों के लिए जीवनदायिनी है, और इसकी पवित्रता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का यमुना के पानी में जहर मिलाने का आरोप हरियाणा और उसके लोगों की आस्था का अपमान है। हरियाणा के लोग यमुना को एक पवित्र नदी मानते हैं और इसकी पूजा करते हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के आरोप न केवल आधारहीन है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक परंपराओं और मान्यताओं का भी अपमान है।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली को यमुना और रावी-व्यास के हिस्से के पानी से मुनक में 1049 क्यूसेक पीने के पानी की आपूर्ति होती है। हरियाणा इस पानी को दो नहरों कैरियर लाइन चैनल (सीएलसी) और दिल्ली शाखा के माध्यम से दिल्ली को लगातार सप्लाई कर रहा है। वर्ष 2014 में कैरियर लाइन चैनल के चालू होने के बाद से, हरियाणा किसी भी नाले या यमुना नदी के माध्यम से दिल्ली को कोई पानी नहीं देता है और केवल सीएलसी और दिल्ली शाखा की नहर प्रणाली के माध्यम से दिल्ली को साफ पानी सप्लाई किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार दिल्ली को सप्लाई किए जा रहे जल की शुद्धता और इसकी सतत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि 7 से 13 जनवरी 2021 के बीच, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने यमुनानगर (हरियाणा) से लेकर वजीराबाद (दिल्ली) तक पानी की जांच की और प्रदूषण के मुख्य कारणों को जांचा। जांच में पाया गया कि पल्ला और वजीराबाद के बीच गंदा पानी अवैध रूप से छोड़ा जा रहा है। वजीराबाद तालाब में तलछट जमा होने से अमोनिया नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ रही है। दिल्ली सरकार ने 2021 से अब तक सीपीसीबी की इस रिपोर्ट पर कोई कदम नहीं उठाया। दिल्ली सरकार द्वारा ना तो पल्ला और वजीराबाद के बीच गंदे पानी के अवैध निर्वहन को रोका गया है और ना ही वजीराबाद तालाब की सफाई के लिए कोई प्रयास किया गया है। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से अनुरोध करते हुए कहा कि वे जल संरक्षण को प्राथमिकता दें और जल संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करें। जल की बचत न केवल वर्तमान बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी महत्वपूर्ण है।

## हरियाणा में युवाओं को मिलें बेहतर पायलट ट्रेनिंग सुविधाएं : विपुल गोयल

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के नागरिक उड्डयन मंत्री श्री विपुल गोयल ने आज हरियाणा सिविल सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेकर उड्डयन विभाग के विभिन्न विषयों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि हमें प्रदेश के लोगों को बेहतर उड्डयन सेवाएं देनी हैं। साथ ही उन्होंने पायलट स्टूडेंट्स के लिए बेहतर से बेहतर ट्रेनिंग सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में काम करने को कहा। मंत्री श्री विपुल गोयल ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को फ्लाइंग स्कूल में बेहतर सुविधा मिले और अच्छे ट्रेनर मिलें। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बेटियों को ट्रेनिंग में और अधिक सुविधाएं मिलें, इसके लिए कार्य किया जाएगा।

बैठक के दौरान विभिन्न विषयों की समीक्षा के दौरान उन्होंने हिसार एयरपोर्ट के संचालन के लिए लाइसेंस संबंधी अपडेट लिए और शेष प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा कराने के लिए गति से काम करने को कहा। मंत्री ने अंबाला में बनने वाले एयरपोर्ट के सम्बन्ध में भी विस्तृत जानकारी ली और कहा कि प्रत्येक कार्य की फुलप्रूफ प्लानिंग करके कार्यों को



**मंत्री ने सिविल एविएशन से संबंधित मामलों की प्रगति की समीक्षा की**

**हिसार एयरपोर्ट के संचालन के लिए लाइसेंस जल्द से जल्द लेने के लिए कार्य करने को कहा**

**करनाल, भिवानी और नारनौल के फ्लाइंग स्कूलों के बारे में भी ली विस्तृत जानकारी**

आगे बढ़ाया जाए। इस दौरान विभाग के अधिकारियों ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी।

**हेलीकॉप्टर सेवा पर मंथन**

बैठक के दौरान मंत्री श्री विपुल गोयल ने हरियाणा से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने के संबंध में प्रेजेंटेशन देखी। इस दौरान नागरिक उड्डयन विभाग के कंसल्टेंट ने गुरुग्राम से खाटूश्याम और गुरुग्राम से सालासर धाम के लिए हेलीकॉप्टर रूट के सम्बन्ध में जानकारी दी। मंत्री श्री विपुल गोयल ने उन्हें गुरुग्राम से चंडीगढ़ और हिसार से चंडीगढ़ के बीच हेलीकॉप्टर सेवा की स्टडी रिपोर्ट तैयार करने को कहा।

बैठक के दौरान कई अन्य विषयों की भी समीक्षा की गई। श्री विपुल गोयल ने कहा कि हिसार एयरपोर्ट के सम्बन्ध में जो भी पेंडिंग अनुमति बाकी हैं, उन्हें जल्द से जल्द प्राप्त किया जाए ताकि एयरपोर्ट का संचालन जल्द से जल्द शुरू हो सके। करनाल, भिवानी और नारनौल के फ्लाइंग स्कूलों के बारे में बैठक के दौरान विस्तृत चर्चा की गई।

इस दौरान हरियाणा नागरिक उड्डयन विभाग के सलाहकार एवं विशेष सचिव नरहरि सिंह बांगड़ और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर विकास निगम (NICDC) के सीईओ रजत सैनी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

## झूठ की चलती फिरती दुकान है केजरीवाल : पंडित मोहन लाल बडौली

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पंडित मोहन लाल बडौली ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के हरियाणा को लेकर दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए उन्हें झूठ की चलती फिरती दुकान बताया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल झूठ के पर्यायवाची बन गए है और वो झूठ की राजनीति का जीता जागता उदाहरण है। श्री बडौली ने कहा कि झूठ बोलना केजरीवाल की फितरत बन गई है, केजरीवाल जब से राजनीति में आए है सिवाय झूठ बोलने के कोई काम नहीं किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने केजरीवाल के 11 बड़े झूठ गिनाते हुए कहा कि अवसरवादी केजरीवाल ने सबसे पहले ईमानदार और देशभक्त श्री अन्ना हजारे जी के आन्दोलन का लाभ उठाया और सबको ईमानदारी का पाठ पढ़ाते-पढ़ाते वो भारतीय इतिहास के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री साबित हुए। श्री बडौली ने कहा कि केजरीवाल ने सीएम बनने से पहले कहा कि वो लाल बत्ती की गाडी नहीं लेंगे, लेकिन सीएम बनते ही बड़ी-बड़ी गाड़ियों में घूमने लगे और खुद को



आम आदमी बताने वाले केजरीवाल शीशमहल में ऐशो आराम करने लगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केजरीवाल महिला सम्मान की बात करते हैं, लेकिन अपनी ही पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल को अपने शीशमहल में बुलाकर अपने सहयोगियों से उन्हें प्रताड़ित करवाते हैं। मोहल्ला क्लिनिक का झूठा ढोल पीटते हैं, लेकिन दिल्ली के लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ नहीं देते है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि केजरीवाल ने इन दस सालों में एक भी नई बस नहीं चलवाई और ना ही पीएम मोदी की हर घर नल से जल योजना को दिल्ली में लागू किया। केजरीवाल सरकार ने झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले गरीब परिवारों को घर नहीं दिया।

## हरबिलास रज्जूमाजरा के परिजनों को न्याय दे सरकार, कातिलों को मिले सजा : हुड्डा

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बसपा नेता हरबिलास रज्जूमाजरा के परिजनों से बात कर उन्हें ढांढ़स बंधाया है। परिजनों ने हुड्डा के सामने इंसाफ की मांग उठाई और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करी। हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और रज्जूमाजरा के परिजनों को न्याय दिलवाना सरकार की जिम्मेदारी बनती है। उसे सुनिश्चित करना चाहिए कि दोषियों को सजा मिले। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि नारायणगढ़ में हुई बसपा नेता की हत्या से एकबार फिर



स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश में बदमाश पूरी तरह बेखौफ हैं और कानून व्यवस्था पूरी तरह खत्म हो चुकी है। मुख्यमंत्री के खुद के गृहक्षेत्र में ऐसी वारदातों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रदेश के बाकी इलाकों में स्थिति क्या होगी। नारायणगढ़ की जनता को न्याय के लिए रोड पर प्रदर्शन करना पड़ रहा है। हुड्डा ने कहा कि इससे पहले बहादुरगढ़ में इनेलो नेता और हांसी में जेजेपी नेता की इसी तरह हत्या हो चुकी है। प्रदेश में आधा दर्जन से ज्यादा विधायक फिरौती की वारदातों के शिकार हो चुके हैं। खुद बीजेपी के नेता और पुलिस वाले भी सुरक्षित नहीं हैं। कुछ महीने पहले ही करनाल में बदमाशों ने एक पुलिस वाले की हत्या कर दी थी और नूंह में खनन माफिया ने एक डीएसपी की जान ले ली थी। हत्या, लूट, डकैती, फिरौती और रेप जैसी वारदातें आम हरियाणवी की दिनचर्या का हिस्सा बन गई हैं। खुद एनसीआरबी के सरकारी आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश में रोज 3-4 लोगों की हत्या होती है। रोज 4-5 महिलाओं के साथ रेप, दर्जनभर अपहरण और करीब 100 चोरी, लूट, डकैती व फिरौती जैसी वारदातें होती हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि 2005 में जब कांग्रेस की सरकार बनी थी तो कानून व्यवस्था का बुरा हाल था। लेकिन कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में कानून व्यवस्था का राज स्थापित किया और तमाम बदमाश या तो जेल पहुंचे या हरियाणा छोड़कर भाग गए। इसके चलते आम लोगों और कारोबारियों को प्रदेश में सुरक्षित माहौल मिला।

## फरीदाबाद में सरस मेले का हुआ भव्य शुभारंभ

**पीएम के लोकल फॉर वॉकल के सिद्धांत पर आगे बढ़ रही नायब सरकार : कृष्णलाल पंवार**

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सोच को सार्थक करते हुए वॉकल फॉर लॉकल के सिद्धांत पर आगे बढ़ रही है। महिलाओं को स्वावलंबी बनाते हुए उन्हें स्वरोजगार से जोडक़र जीवन में सकारात्मक लक्ष्य के साथ आगे बढने. के लिए प्रेरित करने के साथ ही उन्हे हर संभव सहयोग देने में सरकार अपना दायित्व प्रभावी रूप से निभा रही है। पंचायत मंत्री श्री पंवार मंगलवार को सेक्टर-12 के एचएसवीपी ग्राउंड में 24 जनवरी से 6 फरवरी 2025 तक चलने वाले सरस मेले का विधिवत रूप से शुभारंभ कर रहे थे। पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार के साथ खाद्य एवं पूर्ति मंत्री राजेश नागर ने सरस मेला परिसर में देश भर के विभिन्न राज्यों व हस्तकला की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। सरस मेले का दीप प्रज्ज्वलन के साथ हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने शुभारंभ किया। सरस मेला के शुभारंभ अवसर पर पूर्व मंत्री एवं बल्लभगढ़ से विधायक मूलचंद शर्मा, डीसी विक्रम सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष राज कुमार वोहरा, जिला परिषद् चेयरमैन विजय सिंह व हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा.अमरिंद्र कौर भी साथ रहे। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के सीईओ सतबीर मान ने सभी का स्वागत किया। हरियाणा के




ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार व खाद्य एवं पूर्ति मंत्री राजेश नागर ने मेले में लगे सभी स्टॉल का निरीक्षण किया और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की तारीफ की।

विकास एवं पंचायत मंत्री श्री पंवार ने प्रदेश भर से आए स्वयं सहायता समूह की बहनों द्वारा तैयार किया गया पारंपरिक भोजन का भी स्वाद चखा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पाद उनकी मेहनत, रचनात्मकता व स्वालंबन का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में लगभग 60 हजार स्वयं सहायता समूह कार्य कर रहे हैं, जिनके माध्यम से 6 लाख परिवार अपनी आजीविका चला रहे हैं। इन समूहों के माध्यम से ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होनें बताया कि एचआरएमएल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी और उनके उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराना हैं। सरस मेले के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को एक बड़ा प्लेटफार्म सरकार उपलब्ध करवा रही है ताकि वे अपने उत्पादों का देश व प्रदेशभर में दिखा सके व बिक्री कर सके। उन्होंने बताया कि इन महिलाओं का हुनर और मेहनत राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करने का सरस मेला एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने बताया कि सरस मेले का आयोजन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करता है और शहरी उपभोक्ताओं को ग्रामीण क्षेत्र के अनूठे उत्पादों से भी परिचित कराता हैं। उन्होंने बताया कि स्वयं सहायता समूह की महिलाएं प्रदेश में हरियाणा सरकार द्वारा कैंटिन चला कर उपभोक्ताओं को सस्ते दामों पर व्यंजनों को खिला रही है। श्री पंवार ने जिन गांवों में स्वयं सहायता समूह की संख्या कम हैं उनमें और महिलाओं को जोडकर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की संख्या बढाने की अपील की।

**हरियाणा में बनेंगी 4 लाख लखपति दीदी : पंवार**

विकास एवं पंचायत मंत्री ने बताया कि अब तक करीब 1500 करोड रुपये की राशि स्वयं सहायता समूह को उपलब्ध करवाई जा चुकी है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में 4 लाख लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से अब तक एक लाख लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि सभी पंचायतों में सांस्कृतिक मंडल खोलने का भी निर्णय लिया हैं। उन्होंने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 28 जुलाई 2024 को पूरे देश के राज्यों की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से सीधे बात की थी और उनकी सकारात्मक सोच है कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को नए नए उत्पादों की ट्रेनिंग देकर उनको स्वालंबन की ओर अग्रसर करना है। श्री पंवार ने हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की लखपति दीदीयों की कार्य शैली की सराहना की और उनके साथ एक सामुहिक फोटो भी खिंचवाया। हरियाणा के ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं का पुरस्कार देकर सम्मान किया।

हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. अमरिंद्र कौर ने विस्तार से हरियाणा के ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री को स्वयं सहायता समूह के बारे में जानकारी दी। डॉ अमरिंद्र कौर ने बताया कि मेले के मुख्य आकर्षण हस्तशिल्प और हस्तनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी ग्रामीण महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पाद जैसे हैंडीग्राफ्ट, जैविक उत्पाद, पारंपरिक परिधान, घरेलू सजावट की वस्तुएं, फूडकॉट, विभिन्न राज्यों से आए स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लेने का अवसर, सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकनृत्य, संगीत और नाटक प्रस्तुतियां ग्रामीण भारत की समृद्ध संस्कृति धरोहर का दर्शाती है।

**पद्मश्री अवार्डी महाबीर गुड्डू ने सांस्कृतिक मंच पर बांधा समां :**

सरस मेले में जहां एक ओर स्टॉल के माध्यम से हस्तशिल्प कलाकारों द्वारा अपने उत्पादों की प्रस्तुति दिखाई गई है वहीं सांस्कृतिक मंच पर पद्मश्री अवार्डी महाबीर गुड्डू ने अपनी टीम के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज किया। महाबीर गुड्डू ने सांस्कृतिक मंच से जहां हरियाणा सरकार की कार्यशैली को संगीत विधा से आमजन तक पहुंचाया वहीं हरियाणा ग्रामीण आजीविका मिशन की इस सार्थक पहल को महिलाओं के सशक्तिकरण का साक्षात उदाहरण बताया।

## समाधान शिविर : आमजन से जुड़ी हर समस्याओं का हो रहा समाधान

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार फरीदाबाद जिला में समाधान शिविर के माध्यम से आमजन को राहत पहुंचाई जा रही है। प्रशासन द्वारा समाधान शिविर के रूप में सुनी जा रही समस्याओं के निवारण में स्थानीय समुदाय के बीच एक नई उम्मीद की किरण जगाई है। इस शिविर का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना और उन्हें सरकारी सेवाओं से जोड़ना है। मंगलवार को डीसी विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में एसडीएम फरीदाबाद शिखा ने जन सुनवाई की। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने नागरिकों की समस्याओं को सुना और तत्काल समाधान प्रदान करने का प्रयास किया। शिविर में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, और सामाजिक कल्याण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। स्थानीय निवासियों ने इस पहल की सराहना की और इसे अपने मुद्दों को सीधे अधिकारियों के सामने रखने का एक अनूठा अवसर बताया। इस शिविर का आयोजन हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार डीसी विक्रम सिंह के मार्गदर्शन से जरूरतमंद लोगों की सार्वजनिक व्यक्तिगत शिकायतों का प्राथमिकता से निदान किया जा रहा है । उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर प्रतिदिन यह शिविर कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगाया जा रहा है। समाधान शिविर पर प्रमुख तौर पर प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, समाज कल्याण पेंशन, राशन कार्ड आदि शिकायतें शामिल हैं।

## हिन्दी हैं हम वतन हैं!



**जाट संस्था प्याली चौक पर मनाया गणतंत्र दिवस।**
**चित्र : समाचार गेट**

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**
**नोट : मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**
samachargate@gmail.com

### प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

# मौनी अमावस्या से पहले अयोध्या-काशी में 25 लाख श्रद्धालु

## बाबा विश्वनाथ के कपाट रात 2.45 से खुले, 3 किमी. लाइन, अयोध्या में बॉर्डर पर वाहन रोके







वाराणसी। मौनी अमावस्या से पहले वाराणसी और अयोध्या में 25 लाख श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ चलते पहली बार सामान्य दिनों में काशी विश्वनाथ मंदिर 22 घंटे खोला गया। वहीं ट्रैफिक कंट्रोल को 100 अफसर सड़क पर उतरे हुए हैं। सोमवार आधी रात 1 बजे बाबा विश्वनाथ के गर्भगृह के पट बंद किए गए तो मंगलवार की भोर रात 2:45 बजे मंगला आरती के लिए मंदिर खुल गया। बाबा के भव्य अभिषेक और मंगला आरती के बाद आम श्रद्धालुओं के लिए फिर दर्शन शुरू हो गए। इस दौरान 3 किमी लंबी लाइन में श्रद्धालु खड़े रहे। वहीं अयोध्या में मंगलवार भोर से ही 10 लाख से ज्यादा भक्त सरयू स्नान कर नागेश्वरनाथ महादेव का अभिषेक करने के बाद हनुमानगढ़ी दर्शन के लिए पहुंचे। रामलला और हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए भक्तों की 2 किलोमीटर लंबी लाईन लगी रही। रामजन्मभूमि पथ पर भीड़ नियंत्रण के लिए दर्शन के बाद भक्तों को गेट नंबर 3 से निकाला जा रहा है। जबकि वाहनों को बॉर्डर पर रोक दिया गया। काशी में दर्शन पूजन और स्नान के लिए लाखों श्रद्धालुओं भी भीड़ चारो ओर से आ रही है। पिछले तीन दिन प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करके लौटने वाले 35 लाख श्रद्धालुओं से काशी की व्यवस्थाएं ध्वस्त हो गई हैं। रविवार और सोमवार को काशी आए आठ से 10 लाख श्रद्धालुओं अभी शहर में रुके हैं। वहीं मंगलवार रात तक 10 लाख लोगों के आने की संभावना है। सोमवार आधी रात एक बजे तक दर्शन के बाद बंद किए गए पट भोर में 2:45 बजे हर हर महादेव के जयघोष के साथ गर्भगृह के पट खोले गए। मंदिर के पुजारियों ने विधि विधान से काशी पुराधिपति को जगाया। इसके बाद उन्हें स्नान कराया गया, बाबा विश्वनाथ का पंचगव्य से भव्य अभिषेक किया गया। षोडशोपचार विधि से पूजन और श्रृंगार और आरती की गई। शंख, घड़ियाल और डमरू की थाप के बीच परिसर हर हर महादेव का जयघोष गूंजता रहा। भक्तों के लिए सभी को 5 गेट से प्रवेश दिया जा रहा है और गर्भगृह के 4 गेट पर दर्शन मिल रहे हैं। बताया गया कि काशी विश्वनाथ न्यास ने फिलहाल भक्तों की सहूलियत के लिए रात 1 बजे तक पट खोलकर दर्शन कराने की तैयारी की है। बुधवार को काशी में मौनी अमावस्या के पावन स्नान पर हर घाट लाखों श्रद्धालुओं से पटा रहेगा। काशी के प्रमुख 44 घाटों पर स्नान के लिए 18-20 लाख लोग नजर आएंगे। दूसरे स्नान से पहले हजारों लोग दर्शनों की कतार में लगे हैं। पांच गेट से प्रवेश के बाद सभी को दर्शन पूजन कराया जा रहा है। पूरी रातभर गोदौलिया से मैदागिन तक भक्तों की कतार नजर आई। आधी रात से भक्त कतार में खड़े हो गए थे, रेलिंग और बैरिकेडिंग में ही रात गुजारी। क्राउड-कंट्रोलिंग के लिए उद्ट एस राजलिंगम, पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल, कमिश्नर कौशल राज शर्मा, नगर आयुक्त अक्षत वर्मा समेत 100 अफसर आज सड़क पर हैं। मंडलायुक्त ने नगर निगम के अलावा 12 विभागों के अफसरों को जन सुविधाओं में मदद के लिए उतारा है। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल तीन जोन के अफसरों के साथ रातभर भीड़ की सुगमता का रूट तय करते रहे । सीपी ने प्वाइंट निर्धारित किए, वहीं बैरिकेडिंग पर बड़े अफसरों को तैनात किया। काशी, वरुणा, गोमती जोन के पुलिस अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में पुलिस तैनात है। काशी विश्वनाथ धाम परिक्षेत्र में केंद्रीय सुरक्षा बल, पीएसी और पुलिस के लगभग 500 सुरक्षाकर्मी शिफ्टवार ड्यूटी पर हैं। यातायात व्यवस्था सुधारने को 5 फरवरी तक के लिए नई एडवाइजरी तय की है इसमें रात एक बजे तक की गई है। काशी जोन के DCP गौरव बंसवाल, ADCP सरवणन टी. दशाश्वमेध ACP अपने जोन में तैनात पुलिसबल के साथ बैरिकेडिंग पर डटे हैं। चौक से गोदौलिया तक पुलिस प्रशासन ने 10 प्रमुख प्वाइंट बनाए हैं, जिनसे होकर भक्त मंदिर की ओर जा रहे हैं। यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए 4 एसीपी, 10 टैफिक इंस्पेक्टर, 24 ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर, 164 हेड कॉन्स्टेबल और 300 से ज्यादा होमगार्ड तैनात किए गए हैं। भीड़ को संभालने के लिए शहर में 55 जगह चिह्नित की गई हैं। इन जगहों पर बैरियर लगाए गए हैं। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या का मुख्य महापर्व है। अमावस्या आज देर शाम से ही लग रही है। उदया तिथि में यह स्नान 29 को भोर से पूरे दिन चलेगा। सोमवार को करीब 10 लाख भक्त अयोध्या पहुंचे। इसमें 3 लाख 55 हजार भक्तों ने रामलला का दर्शन किया। रविवार को 2 लाख 80 हजार भक्त रामलला के दरबार में पहुंचे। शनिवार को 1 लाख 80 हजार भक्तों ने राम मंदिर में दर्शन किया। मंगलवार भोर से ही 10 लाख से ज्यादा भक्त सरयू स्नान कर नागेश्वरनाथ महादेव का अभिषेक करने के बाद हनुमानगढ़ी दर्शन के लिए पहुंचे। रामलला और हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए 2 किलोमीटर लंबी लाइन लगी हुई है। रामजन्मभूमि पथ पर भीड़ नियंत्रण के लिए दर्शन के बाद भक्तों को गेट नंबर 3 से निकाला जा रहा है। वहीं श्रीराममंदिर परिसर में रामजन्म भूमि पुलिस चौकी में कंट्रोल रूम बनाया गया है।

## महन्थ अवैद्यनाथ नगर में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया गणतन्त्र दिवस



**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** गणतंत्र दिवस पर नगरपालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड नम्बर 22 महन्थ अवैद्यनाथ नगर डुमरी, सिसवा, सूखा टोला, शिवराज पट्टी में सभासद विजेंदर प्रताप सिंह उर्फ भगत सिंह ने निजी, प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों के परिसरों में ध्वजारोहण कर किया। सभी ने जन गण मन का सामूहिक गान किया। सभासद श्री सिंह ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपस्थित सम्मानित जनता को शुभकामनाएं दी। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी। उन्हें सभासद श्री सिंह, प्रधानाध्यापक मनोज चौबे, राजेश प्रजापति, अमरेंद्र सिंह ने पुरस्कृत किया। ध्वजारोहण कार्यक्रम में शिक्षक और शिक्षिकाएं, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि सहित नागरिक मौजुद रहे।

## तीर्थ यात्रियों के लिए नपा कुशीनगर द्वारा निःशुल्क भोजन सेवा का शुभारंभ

**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** महाकुंभ प्रयागराज 2025 के लिए तीर्थयात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद कुशीनगर द्वारा कसया बस स्टेशन पर निःशुल्क भोजन सेवा का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत नगर पालिका अध्यक्ष किरन राकेश जायसवाल ने की, जिसमें विदेशी मेहमानों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भंडारे में ऑस्ट्रेलिया से आई कैथरीन और एडवर्ड ने भारतीय संस्कृति का सम्मान करते हुए स्वयं तीर्थयात्रियों को भोजन परोसा। इस दौरान पूरी, खीर और सब्जी का प्रसाद वितरित



किया गया। नपा अध्यक्ष किरन राकेश जायसवाल ने कहा महाकुंभ स्नान अत्यंत पुण्यदायी है और तीर्थयात्रियों की सेवा करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। नगर पालिका प्रशासन तीर्थयात्रियों की हर सुविधा का ध्यान रख रहा है और यह भंडारा आगे भी जारी रहेगा। अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने यह भी आश्वासन दिया कि महाकुंभ के दौरान तीर्थयात्रियों की सुविधा हेतु विभिन्न व्यवस्थाएं की जाएंगी, जिससे उनकी यात्रा सुगम एवं सुखद हो सके। इस अवसर पर दिनेश तिवारी भोजपुरिया, रोटरी क्लब अध्यक्ष वाहिद अली, सचिव अजय सिंह, सुमित जायसवाल, दुर्गेश चतुर्वेदी, विजय गुप्ता, सभासद राजेश मद्धेशिया, मुन्ना शर्मा, विनय कुमार सिंह, अमेरिकन खरवार, केशव सिंह, प्रभुनाथ सिंह, सत्यप्रकाश पांडेय, डॉ सुनील सिंह, कुश कुमार, राजन शुक्ल, अशोक सिंह, अजय शुक्ल, विशाल शर्मा, पिंटू राय, कुन्नू जायसवाल, उमेश कुशवाहा, राहुल सोनी, विजेंदर सिंह, मालबाबू, फैय्याज खान,कृष्ण जायसवाल, ममता निषाद, कंचन, सदरे आलम, प्रद्युम्न, हरेंद्र जायसवाल आदि मौजूद थे।

## हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया 76 वां गणतंत्र दिवस

**संवाददाता**

**कुशीनगर।** जनपद के विकास खण्ड कसया क्षेत्र अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय अन्धया के प्रांगण में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ 76 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष कसया ओमप्रकाश तिवारी व अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी कसया फाजिलनगर विजय पाल नारायण त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्र ध्वज फहराकर राष्ट्र गान के साथ दी गई तिरंगे की सलामी के भारत माता की जयघोष के साथ देश व संविधान के प्रति शपथ दिलाया गया। और मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि गणो को फूल माला पहनाकर सम्मानित




किया गया। मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष कसया ओमप्रकाश तिवारी ने कहा कि देश की आजादी हजारों हजार क्रांतिकारी युवाओं के बलिदान से मिली थी उन बलिदानीओ के सपनों को साकार करने के लिए संविधान निर्मात्री समिति का गठन हुआ जिसके द्वारा दुनिया के विभिन्न संविधानो के अध्ययन करने के बाद भारतीय समाज के अनुकूल संविधान का निर्माण किया जो आज ही के दिन लागू हुआ, अध्यक्षीय उद्बोधन करते खण्ड शिक्षा अधिकारी कसया फाजिलनगर विजय पाल नारायण त्रिपाठी ने कहा कि अपना संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान हैं जिनको विशेष सहयोग की जरूरत है विकास की मुख्य धारा में सामिल होने के लिए विशेष अवसर की व्यवस्था की गई है।नइस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिए छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही शैलेश कुमार त्रिपाठी ने कार्यक्रम का संचालन व आभार व्यक्त किये। इस अवसर पर रहे उपस्थित- सपना शर्मा, रागिनी पाण्डेय, प्रधान प्रतिनिधि प्रेम कुमार गोड़, पप्पू शाही, विरेन्द्र मिश्र, श्यामवदन कुशवाहा,रामछबिला दूबे, रूपेश कुमार बरनवाल, रामायण कुशवाहा, महेंद्र प्रसाद, अशोक कुशवाहा, रामलोचन शर्मा, धर्मदेव कुशवाहा, कुंवर खान, हरिलाल, योगेन्द्र यादव, मुख्य आरक्षी- राजेश सिंह, राजेश यादव, सतीश यादव, अभिषेक मौर्य मौजूद रहे।

## नगर सहित ग्रामीण इलाकों में हर्षोल्लास के साथ मना गणतंत्र दिवस



**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** गणतंत्र दिवस नगर सहित ग्रामीण इलाकों में शांतिपूर्ण तरीके से हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर जगह - जगह प्रभात फेरी निकली, सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में ध्वजारोहण हुआ और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए और बच्चों को पुरस्कार व मिष्ठान वितरित किये गए। नगर में स्थित गांधी प्रतिमा, चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा, शहीद अमिय त्रिपाठी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। नगर स्थित तहसील व उपजिलाधिकारी कार्यालय पर उपजिलाधिकारी कसया पारितोष मिश्रा, तहसीलदार धर्मबीर सिंह, क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर सीओ कुंदन कुमार सिंह, थाना परिसर में एसएचओ अवधेश कुमार तिवारी, नगरपालिका परिषद कुशीनगर कार्यालय व बुद्धा घाट पर अध्यक्ष किरन जायसवाल व उनके प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने ध्वजारोहण किया। महर्षि अरविंद विद्या मंदिर में प्रधानचार्य गोंविन्द चतुर्वेदी, सरस्वती शिशु मंदिर में प्रधानाध्यापक रामजी सिंह, निरंकारी इंटर कालेज में प्रधानाचार्य अवधेश चौरसिया, बद्ध इंटर कालेज में प्रधानाचार्य उमेश उपाध्याय, बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ विनोद मोहन मिश्रा, बुध्द समाज कल्याण पूर्व माध्यमिक विद्यालय में प्रबन्धक पीएन सिंह, श्री दुर्गा जी इंटर कालेज सिसवा महन्थ में महेश पासवान आदि ने ध्वजारोहण किया।

## जौरा बाजार इंटर कॉलेज में गणतंत्र दिवस पर प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

**संवाददाता**

**कुशीनगर।** फाजिलनगर के इंटर कॉलेज जौरा बाजार में गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

इस दौरान इंटरमीडिएट की अंकिता कुशवाहा और हाई स्कूल की पलक बरनवाल को सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नंदिनी उपाध्याय और जीशान को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रबंधक ब्रह्मर्षि




पंडित भोला प्रसाद त्रिपाठी ने बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां के बच्चे बेहद होनहार हैं। इनकी उपलब्धियां अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगी। वहीं विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष पारसनाथ सिंह ने कहा कि प्रतिभाशाली छात्रों को पुरस्कृत करने से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है, और यह उनकी भविष्य की सफलता का आधार बनता है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य रामू चौधरी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अंशुमान चतुर्वेदी और शिवेंद्र पांडेय ने किया। विद्यालय प्रबंध समिति के वरिष्ठ सदस्य भगवती तिवारी, शिक्षकगण विजय प्रकाश उपाध्याय, धर्मेंद्र सिंह, विपिन बिहारी, रविशंकर सिंह,प्रधान लिपिक सुबोध पांडेय, सुनील दत्त तिवारी,कृपाशंकर चौबे, मथुरा तिवारी, अशोक तिवारी, सुरेश उपाध्याय, राम लखन पांडेय, बबलू पांडेय,जाहिद सिद्दीकी, ओमप्रकाश, त्रिलोकी, उमेश प्रसाद, राजेश सिंह कुशवाहा, शिवप्रकाश,राजेश उपाध्याय, राजेश तिवारी,सुमन द्विवेदी, सिम्पल उपाध्याय, अनुराधा सिंह, पौहारी सिंह , महेंद्र यादव, प्रभात, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, काशी सिंह, दयानंद, मोतीचंद, उपेंद्र, कृष्णा यादव उपस्थित रहे।

## महाकुंभ जा रही 2 ट्रेनों पर पथरावः कोच के गेट न खुलने से भड़के यात्री

**प्रयागराज।** महाकुंभ जा रही दो ट्रेनों में पथराव और तोड़फोड़ की गई। ट्रेन के अंदर पैर रखने की जगह नहीं थी। ऐसे में यात्रियों ने अंदर से दरवाजे बंद कर लिए। वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-फतेहपुर पैसेंजर ट्रेन रात सोमवार रात हरपालपुर स्टेशन पर रुकी, यात्री चढ़ने के लिए गेट को धक्का देने लगे। जब गेट नहीं खुला तो पथराव शुरू कर दिया। ऐसा ही वाकया अंबेडकर नगर-प्रयागराज एक्सप्रेस में भी हुआ। यह ट्रेन मध्य प्रदेश के छतरपुर रेलवे स्टेशन पर रुकी थी। पञ्चऋ भीड़ को संभाल नहीं पाई तो



पुलिस को बुलाया। इसके बाद पुलिस ने भीड़ को शांत किया। पथराव में दोनों ट्रेनों की कई बोगियों के शीशे, दरवाजे और खिड़कियों को नुकसान पहुंचा है। झांसी स्टेशन से वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-फतेहपुर पैसेंजर ट्रेन सोमवार रात 7.41 मिनट पर रवाना हुई। करीब 9.53 बजे हरपालपुर स्टेशन पर पहुंची। यात्री ट्रेन में चढ़ने के लिए दौड़े।

## संक्षिप्त डायरी

### छेड़खानी का विरोध करने पर गंभीर चोट पहुंचाने वाले गुनाहगार को दो साल की सख्त सजा के साथ हुआ तेराह हजार रुपये का जुमार्ना

**संवाददाता**

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के राठ में 16 जनवरी 2016 को नाबालिग के साथ छेड़खानी का विरोध करने पर मारपीट और गालीगलौज करने के बाद जान से मारने की धमकी देने के साथ ही जातिसूचक लफ़्जों का इस्तेमाल कर बेइज्जत करने के मामले में राठ कस्बे के छोटी झुलहटी निवासी अभियुक्त ब्रजेश राजपूत पुत्र राम सहोदर राजपूत के खिलाफ अ०सं०- 12/2016 धाराझ354क, 323, 504, 506 आईपीसी 08 पॉक्सो एक्ट सहित 3(1)11 एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था, जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत 27 जनवरी 2025 को हमीरपुर की पाक्सो अदालत की स्कालर जज कीर्ती माला सिंह ने अभियुक्त ब्रजेश राजपूत को गुनाहगार मानते हुये दो साल की सख्त सजा के साथ ही तेराह हजार रुपये का जुमार्ना सुनाया, जबकि इस मामले के जांच अधिकारी तत्कालीन सीओ राठ विजय त्रिपाठी ने अपनी जांच पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी, वहीं अभियोजन की तरफ से एडीजीसी अवधनरेश चन्देल ने अदालत में जोरदार पैरवी करते हुये अभियुक्त को दो साल की सख्त सजा के साथ ही तेराह हजार रुपये का जुमार्ना करवाने में कामयाबी हासिल की।



एडीजीसीः अवध नरेश चंदेल

### देश की एकता अखंडता बनाये रखने का लें संकल्पः अमिताभ राय, एआरटीओ इन्फोर्समैन्ट, एआरटीओ प्रशासन आर पी सिंह





**संवाददाता**

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर उप संभागीय परिवहन कार्यालय में गणतंत्र दिवस के मौके पर एआरटीओ प्रशासन आरपी सिंह सहित एआरटीओ प्रवर्तन अमिताभ राय, यात्री प्रतिकर अधिकारी चंदन पाण्डेय ने महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित करने के पश्चात ध्वजारोहण किया गया`एआरटीओ प्रशासन ने आरपी सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि महापुरुषों के बलिदान से देश स्वतंत्र हुओ महापुरुषों के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है`एआरटीओ प्रवर्तन अमिताभ राय ने कहा कि महापुरुषों की कुबार्नी को स्वतंत्र भारत सदैव याद करता रहेगा। सभी अपने-अपने कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक पालन करने का संकल्प लें इस मौके पर उप संभागीय परिवहन कार्यालय के कर्मचारी सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे ।

### जिलाधिकारी ने नो हेलमेट नो फ्यूल की पालिसी के तहत हैलमैट बाँटकर की शुरूआत



**संवाददाता**

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में 76 वां गणतंत्र दिवस बहुत ही जोश खरोश के साथ मनाया गया। गणतंत्र दिवस के मौके पर सबसे पहले सुबह 8:30 बजे बेमिसाल जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण किया, ध्वाजारोहण के साथ ही राष्ट्रगान समपन्न हुआ। इसके बाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को शॉल,नारियल, मिठाई भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने भारतीय संविधान के रचयिता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर बोलते हुये जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कहा कि संविधान में बताये गये रास्ते पर चलकर सभी को आपस में मिलकर मुल्क को तरक्की की बुलंदियों पर पहुचाने का काम करना होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्र की एकता और प्रगति में सभी के योगदान ,भाईचारे की बहुत बड़ी जरूरत है। हम सभी को पूरी ईमानदारी के साथ संविधान में बताये गये आदर्शों, कर्तव्यों का पालन करना होगा। इस मौके पर जिलाधिकारी ने जनपद की उपलब्धियों के बारे में भी जानकारी दी। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव , अपर जिलाधिकारी वित्त, राजस्व विजय शंकर तिवारी, डिप्टी कलेक्टर खालिद अंजुम, राजेश चंन्द्र सहित कलेक्ट्रेट के कर्मचारी मौजूद रहे। इसके बाद जिलाधिकारी ने नगर के गांधी पार्क पहुंचकर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहीद स्मारक में श्रद्धा सुमन अर्पित कर शहीदों को नमन किया। इसके बाद 26 जनवरी से लागू नो हेलमेट नो फ्यूल पालिसी के तहत पूरे प्रदेश सहित हमीरपुर में अब बिना हेलमेट के पेट्रोल पंप से दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं मिल सकेगा। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने रानी लक्ष्मीबाई पार्क से हेलमेट बाँटकर शुरूआत की। इसके साथ ही पुलिस परेड ग्राउंड पहुँच कर बतौर महमाने खुसूसी जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने ध्वजारोहण कार्यक्रम , राष्ट्रगान, सलामी, संकल्प स्मरण आदि कार्यक्रम संपन्न हुआ तत्पश्चात विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुऐजिला अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी के निर्देश पर एडीएम न्यायिक डॉ. नागेंद्र नाथ यादव व एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी एवं खालिद अंजुम उप जिलाधिकारी ने नवजात शिशुओ सहित उनकी माताओं को फल ,मिठाई ,बेबी किट का वितरण किया। साथ ही मरीजों को फल बांटे और उनका हालचाल पूछा साथ ही अस्पताल की सहूलियतों के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर सीएमओ ,सीएमएस सहित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# भाजपा फरीदाबाद ने फूंका केजरीवाल और आतिशी का पुतला

## हार के डर से बौखला गये हैं केजरीवाल : राजकुमार वोहरा

### केजरीवाल करते हैं झूठ और फरेब की राजनीति : राजकुमार वोहरा



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी का पुतला फूँकने के बाद भारतीय जनता पार्टी के ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कहा कि जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने इस दौरान कहा कि दिल्ली में पांच फरवरी को चुनाव होने हैं, जिनमें वहां भाजपा की सरकार आनी तय है, जिससे अरविंद केजरीवाल को अपनी पार्टी की सत्ता जाती दिखाई देने लगी है। ऐसे में केजरीवाल ने यमुना के दूषित पानी को लेकर हरियाणा प्रदेश व मुख्यमंत्री नायब सैनी पर इसे जहरीला बना दिए जाने का बयान दिया है, जो निंदनीय है। केजरीवाल झूठ और फ़रेब की राजनीति कर दिल्ली की जनता को पिछले 10 साल से बहका कर वोट बटोरने का काम कर रहे हैं, लेकिन उनका असली चेहरा दिल्ली की जनता के सामने आ गया है, दिल्ली की जनता ने अबकी बार केजरीवाल एवं आप की सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है और भाजपा को सत्ता पर बैठाने का संकल्प ले लिया है । फ़रीदाबाद के ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा के नेतृत्व में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की यमुना के पानी में ज़हर मिलाने को लेकर की गई टिप्पणी पर भाजपा कार्यकर्ता भड़क उठे और सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने फ़रीदाबाद के पुरानी सब्जी मंडी चौक, ओल्ड फरीदाबाद पर इकट्ठा होकर केजरीवाल व आतिशी का पुतला फूंककर जमकर रोष जाहिर किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय परिषद सदस्य संदीप जोशी, ज़िला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, सुरेन्द्र जांगड़ा, ज़िला उपाध्यक्ष पंकज रामपाल, ज़िला सचिव मुकेश अग्रवाल, सचिन शर्मा, शोभित अरोड़ा, शिव रतन गुप्ता, अनीता शर्मा, डिप्टी, सुभाष आहूजा, बंसीलाल, यश जाजोरिया, महेश माहौर, गौरव व अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी व पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पुतले जलाए तो जमकर केजरीवाल मुर्दाबाद, आतिशी मुर्दाबाद के नारे लगाये। भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एकत्रित हुए और कड़ा रोष जाहिर किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता के सामने केजरीवाल की असलियत आ चुकी है और अब वहां की जनता उनसे किनारा कर चुकी है। यह देख केजरीवाल इस तरह के आधारहीन बयान देने लगे हैं, जिन्हें भाजपा कार्यकर्ता सहन नहीं कर सकते।

# एक शाम अटल के नाम पर कवि सम्मेलन का आयोजन

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** दयालबाग स्थित वार्ड 23 से निर्वतमान भाजपा पार्षद जितेन्द्र भड़ाना के कार्यालय पर एक शाम अटल के नाम पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमे बतौर मुख्य अतिथि राजेश नागर राज्यमंत्री व संदीप जोशी पूर्व चेयरमैन ने आकर आयोजन की शोभा बढ़ाई व जितेन्द्र भड़ाना द्वारा इतना बडा कवि सम्मेलन करने पर पीठ थप थपाई व कहा कि जितेन्द्र भड़ाना हमेशा गरीबो के सुख दुख में खड़े रहते है वह हमारे छोटे भाई की तरह है, हम हमेशा जित्ते भाई के साथ है। संदीप जोशी पूर्व चेयरमैन ने जित्ते भाई ने कोरोना काल में बहुत लोगो की मदद की थी और आज भी सबके लिए तैयार रहते है और बहुत मिलनसार व नेक दिल इंसान है सभी आए हुए अतिथियो का फूल मालाओं,पगड़ी और शॉल ओढ़ाकर व श्रीराम दरबार देकर पार्षद जितेन्द्र भड़ाना ने सम्मान किया। जितेन्द्र भड़ाना ने आए हुए वार्ड वासियों का धन्यवाद किया और कहा आज पहली बार वार्ड में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है और अब से आगे हर वर्ष कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर आए हुए लोगो ने भी अपनी मंत्री राजेश नगर जी का स्वागत और सम्मान किया जिनमे रूपराम मीणा ,केलाश प्रधान बाबू लाल डेरा ,अजय सिंह आरडब्लूए दयालबाग, रामपाल, दयाल मीणा, गुप्ता जी, बंसीधर, राजीव झा, महेश भाटी, भैयालाल, मास्टर छबीनाथ, अशोक चौधरी, जवाहर चौधरी, पाठक जी, जय प्रकाश भाटी, टीली भड़ाना, सुभी भड़ाना, हर्ष भड़ाना, रितिक भड़ाना, निश्चय भड़ाना, नरेन्द्र भड़ाना, रोहित सिंह अभिषेक पाण्डे, लोजर जी, नन्हेलाल परमानंद, संजय फोजी, बदन सिंह प्रधान आई-ब्लॉक, ईश्वर शर्मा, ललित शर्मा, हरीश भाटी, हरेराम पंडित व अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।



# जिला में सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है सूर्य नमस्कार अभियान



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** आयुष विभाग और हरियाणा योग आयोग के तत्वावधान में सूर्य नमस्कार का अभ्यास गुरूग्राम जिला के सभी स्कूलों, कॉलेज, खेल स्टेडियम, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, योग व्यायामशालाओं तथा आयुष वैलनैस सैंटरों पर सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. मंजू कुमारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि डीसी अजय कुमार के मार्गदर्शन में आयुष विभाग के योग सहायक सूर्य नमस्कार के प्रशिक्षण अभियान में उत्साहपूर्वक कार्य कर रहे हैं। अभियान में अभी तक 25 हजार रजिस्ट्रेशन किए जा चुके हैं। इसी क्रम में आज फर्रुखनगर ब्लॉक स्थित एक निजी कॉलेज में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयुष विभाग से एएमओ डॉ अनु ने विद्यार्थियों को आयुर्वेद की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान योग सहायक विनोद कुमार व विक्रम सिंह ने सूर्य नमस्कार करवाया व योग से जुड़ी जानकारियों से विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन किया। डॉ मंजू ने बताया कि सूर्य नमस्कार अभियान में लोगों की संख्या तेजी से जुड़ती जा रही है। इनमें अधिकांश संख्या बच्चों की है। उन्होंने बताया कि खेल विभाग, शिक्षा विभाग, आयुष विभाग के सहयोग से यह अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। डा. मंजू कुमारी ने बताया कि जिला योग विशेषज्ञ डा. भूदेव व डा. विकास की देखरेख में सूर्य नमस्कार का अभियान चलाया जा रहा है।

# हर घर हर गृहणी योजना की पात्र गृहणियों को 500 रूपये में मिलेगा गैस सिलैण्डर : एडीसी



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**गुरुग्राम।** एडीसी हितेश कुमार मीणा ने कहा कि जिले के सभी पात्र और जरूरमंद परिवारों को सरकार की हर घर हर गृहणी योजना का लाभ मिलना चाहिए। इसके लिए जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाए। एक भी पात्र बीपीएल अंत्योदय परिवार की गृहणी योजना के लाभ से वंचित नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई हर घर- हर ग्रहणी योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के जीवन में बड़ा बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण योजना है। यह महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए भी लागू की गई है। इस योजना के तहत पात्र परिवार 500 रूपये में गैस सिलैण्डर प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि पात्र परिवारों (बीपीएल तथा एएवाई) को यह भी जागरूक किया जाए कि वे अपने नजदीक लगते सीएससी सेंटर (अटल सेवा केन्द्र) में जाकर हर घर-हर ग्रहिणी योजना के तहत अपना रजिस्ट्रेशन करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि इसके अलावा पात्र परिवार आनलाईन पंजीकरण के लिए https://epds.haryanafood.gov.in पोर्टल पर जाकर अपने परिवार पहचान पत्र संख्या के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इस संदर्भ में यदि किसी व्यक्ति को शिकायत है तो वे अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में अथवा जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक कार्यालय के दूरभाष न० 0124-2320379 पर संपर्क कर सकते है।

# एलबी शास्त्री भोपाल ने टीएनएम नोएडा को 7 विकेट से हराया



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** इवांका स्पोर्ट्स कप 8वां ऑल इंडिया रविंद्र फागना अंडर-15 डेनाइट क्रिकेट टूर्नामेंट रविंद्र फागना क्रिक्रेट भूमि ग्राउंड फरीदाबाद पर खेला गया यह मैच टी.एन.एम क्रिकेट अकादमी(नोएडा) और एल.बी. शास्त्री पाठशाला (भोपाल) के बीच खेला गया। इस फाइनल मैं एल.बी. शास्त्री पाठशाला (भोपाल) ने टी. एन.एम क्रिकेट अकादमी (नोएडा) को 7 विकेट से हराया। फाइनल मैच के चीफ गेस्ट रविंदर फागना टूर्नामेंट कमेटी चेयरमैन कविंदर चौधरी वहाँ संदीप भड़ाना मंडलाध्यक्ष भाजपा पाली थे।

यह मैच 40 ओवर का था और एल.बी शास्त्री पाठशाला (भोपाल) ने पहले टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। टी.एन.एम क्रिकेट अकादमी (नोएडा) की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 40 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 184 रन का लक्ष्य दिया। टी.एन.एम क्रिकेट अकादमी(नोएडा) की ओर से बल्लेबाजी करते हुए आरुष गुप्ता ने 90 गेंदों में 7 चौके, 2 छक्के की मदद से 80 रन, मोहम्मद अदनान ने 55 गेंदों में 4 चौके, 1 छक्के की मदद से 43 रन बनाए।।

एलबी शास्त्री पाठशाला (भोपाल) की ओर से गेंदबाजी करते हुए करण पचौरी ने 6 ओवर में 32 रन देकर 2 विकेट, दक्ष पाण्डेय ने 5 ओवर में 1 मेडन 13 रन देकर 2 विकेट और अली कामरान ने 1 विकेट हासिल किया।

इस लक्ष्य का पीछा करते हुए एल.बी. शास्त्री पाठशाला (भोपाल) ने 29.5 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 185 रन बनाकर जीत हासिल की। एल. बी. शास्त्री पाठशाला (भोपाल) की और से बल्लेबाजी करते हुए अली कामरान ने 83 गेंद पर 6 चौके, 2 छक्के की मदद से 78 रन और दिव्यांश सिंह ने 68 गेंदों में 6 चौके, 2 छक्के की मदद से 66 रन बनाए। टी.एन.एम क्रिकेट अकादमी (नोएडा) की ओर से गेंदबाजी करते हुए पराजित ने 5.5 ओवर में 38 रन देकर 2 विकेट और दैविक तिवारी 1 विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच अली कामरान व फाइटर ऑफ द मैच आरुष गुप्ता को घोषित किया गया।

# साईं राम आसरा ट्रस्ट व ब्राह्मण समिति ने मनाया गणतंत्र दिवस



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** साईं राम आसरा ट्रस्ट और ब्राह्मण समिति सेक्टर 3 की ओर से सीही गेट भीकम कॉलोनी स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में गणतंत्र दिवस पर झंडा फहराया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथ के रूप में बीजेपी नेता टिपरचंद शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, एडवोकेट बृजमोहन वशिष्ठ व एडवोकेट राखी चौहान ने भाग लिया। सभी अतिथियों ने ध्वजारोहण कर झंडे को सलामी दी। टिपरचंद शर्मा ने कहा कि शहीदों की शहादत को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि 75 वर्ष पहले सन 1950 में आज ही के दिन देश का संविधान लागू हुआ था। उन्होंने कहा कि हम सबको यह प्रतिज्ञा करनी होगी कि हमें भी अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य बनाना होगा। इस अवसर पर राजेंद्र शर्मा, बीजेपी नेता कार्तिक वशिष्ठ, हेमराज शर्मा, एडवोकेट रूबी राय, एडवोकेट राजू मौर्या, नीरज राजपूत, शीशपाल सिंह, जगदीश, लोकेश चौहान, मनवीर सिंह, रितु चौहान, लाली देवी, राजकुमारी, निधि, हेमलता भारती, राजपाल व कुलदीप आदि मौजूद रहे।

# इंडियन ऑयल अनुसंधान एवं विकास केंद्र ने हर्षोल्लास से मनाया 76वां गणतंत्र दिवस



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** इंडियन ऑयल अनुसंधान एवं विकास केंद्र फ़रीदाबाद में हर्षोल्लास से 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। 76वें भारतीय गणतंत्र दिवस के हर्षोल्लासपूर्ण समारोह में निदेशक (अनुसंधान एवं विकास) डॉ.आलोक शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर अनुसंधान एवं विकास केंद्र के सभी कार्मिक भी उपस्थित थे। अनुसंधान एवं विकास केंद्र की सीआईएसएफ यूनिट ने डॉ.शर्मा को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। समारोह में विशाल इंडियनऑयल परिवार के सदस्यों, अधिकारियों, उनके जीवनसाथियों और बच्चों सभी की उत्साहवर्द्धक भागीदारी देखी गई। गणतंत्र दिवस समारोह की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके साथ पूरा परिवेश राष्ट्रीय तिरंगे के जीवंत रंगों में सराबोर हो गया।

इस विशेष अवसर के अपने संबोधन में डॉ.आलोक शर्मा ने भारत के देशभक्तों, बहादुरों और संविधान संरक्षकों की महान उपलब्धियों के इतिहास और उनके प्रेरक विचारों का उल्लेख किया। देश की प्रगति में इंडियन ऑयल के योगदान को अहम बताते हुए डॉ.शर्मा ने कहा कि भारत सरकार में इंडियन ऑयल की विशेष प्रतिष्ठा रही है। इस संबंध में एक अटूट विश्वास है। इसलिए हम तमाम चुनौतियों के बावजूद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की उम्मीदों पर खरा उतरते हैं। उन्होंने कहा, ''इंडियन ऑयल अनुसंधान एवं विकास देश सेवा के लिए समर्पित है और हम एक बेहतर भविष्य निर्माण के लिए अपनी सेवाओं का विस्तार करते रहेंगे।'' गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। कार्मिकों के बच्चों और उनके जीवनसाथियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया और उपस्थित दर्शकों ने दिल खोल कर उनकी सराहना की और निदेशक (अनुसंधान एवं विकास) ने उन्हें सम्मानित किया।

# सारे जहां से अच्छा, हिन्दोस्तां हमारा!



गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर झंडा फहराने के पश्चात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं जोनल अध्यक्ष माइनोरिटी डिपार्टमेंट हरियाणा प्रदेश एवं कोर्डिनेटर हरियाणा प्रदेश जिला मेवात प्रभारी ओबीसी सेल से लुकमान रमीज़ अपने समर्थकों के साथ।

चित्र: समाचार गेट

## संपादकीय

# भ्रष्टाचार के आरोपों पर कांग्रेस की चुप्पी

कांग्रेस में भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरने वाले सिद्धारमैया अकेले नेता नहीं हैं। पार्टी में नीचे से लेकर शीर्ष तक नेताओं के खिलाफ गंभीर मामले चल रहे हैं। यहां तक कि पार्टी चलाने वालीं कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी जमानत पर चल रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी भी कई भाषणों में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के जमानत पर बाहर होने पर चुटकी भी लेते रहे हैं। संसद के सत्र के दौरान जब कांग्रेस नेता अधीर रंजन ने कहा था कि भ्रष्टाचार के मामले हैं तो गिरफ्तार क्यों नहीं करते, तब पीएम मोदी ने हंसते हुए कहा था- जमानत पर हैं तो एन्जॉय करिए। इसी तरह कांग्रेस मौके-बेमौके ऐसे मुद्दे पर उपहास का पात्र बनती रही है। भ्रष्टाचार के मामलों को देखें तो दिल्ली से लेकर हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से लेकर महाराष्ट्र तक के बड़े कांग्रेस नेता सीबीआई, इनकम टैक्स और ईडी जैसी एजेंसियों के निशाने पर रहे हैं। हालांकि कांग्रेस अपने नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से इनकार करती है। नेशनल हेराल्ड केस-2011 में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, उनके बेटे राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेता फंसे हैं। बीजेपी के राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी का आरोप है कि यह सब कुछ दिल्ली में बहादुर शाह जफर मार्ग पर स्थित हेराल्ड हाउस की 16 सौ करोड़ रुपये की बिलडिंग पर कब्जा करने के लिए किया गया।



**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

वर्ष 2013 में अगस्ता वेस्टलैंड वीआइपी हेलीकॉप्टर खरीद घोटाला में सीबीआई और दूसरी केंद्रीय एजेंसियां अहमद पटेल पर इतालवी चॉपर कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड से कमीशन लेने के आरोपों की जांच कर रही हैं। इस मामले में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी भी फंसे हैं। राजस्थान में एंबुलेस घोटाला में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट भी आरोपी हैं। ये मामला 2010 से लेकर 2013 तक एनआरएचएम के तहत एंबुलेंस खरीदने में हुई धांधली का है। ईडी अब तक 12 करोड़ की संपततियां आरोपियों से जब्त कर चुकी है। कांग्रेस के दिग्गज नेता डीके शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपतति दर्ज करने का मामला चल रहा है। 2017 में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने डीके शिवकुमार के 64 ठिकानों पर जबर्दस्त छापेमारी की थी। टैक्स चोरी की शिकायतों पर यह कार्रवाई हुई थी। हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता वीरभद्र सिंह के खिलाफ भी केंद्रीय एजेंसियों ने छापेमारी की। सितंबर 2015 में उनकी बेटी की शादी के दिन सीबीआई ने छापेमारी कर खलबली मचा दी थी।

आश्चर्य यह नहीं है कि आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं, बल्कि लगाने वाले ने अपनी पार्टी की गिरेबां में झांक कर नहीं देखा। आकंठ तक भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी कांग्रेस के मुंह से भ्रष्टाचार शब्द भी अब बेजान हो गया है। कांग्रेस का इतिहास और वर्तमान भ्रष्टाचार के काले कारनामों से रंगा हुआ है। कांग्रेस यदि आज देश में लगातार सिमटती जा रही है तो उसका प्रमुख कारण भ्रष्टाचार में लिप्त होना है। भाजपा के बाद देश की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस अपने दामन पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर दोमुंही बातें करती रही है। यह निश्चित है कि जब तक कांग्रेस भ्रष्टाचार को लेकर कथनी और करनी के फर्क को नहीं मिटाती तब तक देश के मतदाताओं का पूरा भरोसा नहीं जीत सकती।

# कनीना में शीघ्र संचालित होगा एआईपीआरओ कार्यालय: विधायक

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना में शहर ही एआईपीआरओ कार्यालय शीघ्र ही संचालित करवाा जायेगा। ये बातें महेंद्रगढ के विधायक कंवर सिंह यादव ने कनीना में पत्रकारों के समक्ष कही। बता दें कि कनीना सब डिवीजन बनने के 11 वर्ष बाद सूचना जन संपर्क एवं भाषा विभाग की ओर से असिस्टेंट इंफोरमेशन एंव पर्बलिक रिलेशन ऑफिसर कार्यालय संचालित नहीं किया गया है। जिसे लेकर समय-समय पर अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत करवाया गया है। बीते समय मीडिया कर्मियों ने तत्कालीन विधायक सीताराम यादव एवं एसडीएम सुरेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपकर पदेश के मुख्यमंत्री से कार्यालय खोले जाने की मांग की गई थी। केंद्रीय उर्जा एवं शहरी विकास मंत्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के चीफ मीडिया एडवाईजर ने भी हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद कनीना में शीघ्रता से एआईपीआरओ कार्यालय संचालित करवाने का आश्वासन दिया था। लेकिन अभी तक कार्यालय संचालित नहीं हो सका है। विधायक की माने तो माना निर्माणाधीन लघु सचिवालय का उद्घाटन होने के बाद ये कार्यालय संचालित किया जायेगा। एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि कनीना के लघु सचिवालय का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इसके उद्घाटन के बाद एआईपीआरओ को जगह अलाट कर दी जाएगी। कार्यालय संचालित होने के बाद आमजन को सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों की जानकारी आसानी से उपलब्ध होगी।

# 28 फरवरी से 11 मार्च तक चलने वाले खाटू श्याम मेले की तैयाारियां शुरू

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** राजस्थान के सीकर जिले की खाटू नगरी में आयोजित होने वाले लखी मेले को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। इस मेले में जाने वाले श्रधालुओं की सुविधा के लिए कनीना सब डिवीकज के विभिन्न गावों में सेवा शिविरों का आयोजन किया जाता है। जिनमें भोजन,नाश्ता, स्नान करने, रात्री विश्राम तथा चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। 29 जनवरी को पौष माह की मोनी अमावस्या के माहभर बाद फाल्गुन माह प्रारंभ होगा जिसके लिए श्रधालु अभी से तैयारी शुरू करने लगे हैं। श्याम मंदिर कमेटी के सद्स्य सेवक श्याम सिंह चैहान ने बताया कि श्रीश्याम जी का लक्खी फाल्गुन मेला 28 फरवरी से 11 मार्च तक चलेगा। बारह दिवसीय इस मेले को लेकर सभी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मंदिर की भव्यता एवं सुरक्षा के लिए सजावट का कार्य किया जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा विभिन्न प्वाईटों की पहचान की जा रही है जहां सुरक्षाकर्मी डिप्लोयड किए जाने हैं। मंदिर कमेटी का मानना है कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी करोडों श्रधालु बाबा के दर्शन कर पाएगें।

बता दें कि इस मले में हरियाणा के महेंद्रगढ, भिवानी, रोहतक, सिरसा, हिसार,चरखी दादरी, गुरूग्राम, फरीदाबाद,झज्जर के अलावा दूर-दरा से श्रधालु रेल, बस सहित अपने वाहन एवं ध्वज लेकर पद यात्रा करते हैं। करीब पखवाडेभर तक विभिन्न मार्ग श्याम के रंग में रगें हुए दिखाई देते हैं। महिला,पुरूष सहित युवा भी पद यात्रा कर मेले में पंहुचते हैं। मंदिर के प्रति नागरिकों की अपार आस्था है।

# गांवों में निर्बाध रूप से सुनिश्चित की जाए पेयजल आपूर्ति : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

**उपायुक्त ने जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश।**

**इंफोर्समेंट ब्यूरो को पानी के अवैध कनैक्शनों के खिलाफ कार्यवाही कर बंद करवाने के दिए निर्देश।**

**सभी गांवों में सभी घरों तक उचित मात्रा में पेयजल की सप्लाई की जाए सुनिश्चित।**

**जिलावासियों का आह्वान किया कि वे पानी के महत्व को समझें व इसे व्यर्थ न बहाएं**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जनस्वास्थ्य विभाग के माध्यम से गांवों में निर्बाध रूप से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। आगामी गर्मी के मौसम किसी भी गांवों, स्कूल व आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजल आपूर्ति में दिक्कत न हो, इसके लिए विभाग अभी से उचित तैयारी जरूर कर ले। उन्होंने इंफोर्समेंट ब्यूरो के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गांवों में पानी के अवैध कनैक्शनों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करें और अवैध कनैक्शन बंद करवाएं, ताकि सभी गांवों में सभी घरों तक उचित मात्रा में पेयजल की सप्लाई संभव हो सके। गांवों में पानी को व्यर्थ बहने से भी रोका जाए। उन्होंने जिलावासियों का भी आह्वान किया कि वे पानी के महत्व को समझें तथा इसे व्यर्थ न बहाएं।

उपायुक्त मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित कांफ्रेंस हाल में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बैठक में जल संरक्षण, हर घर जल योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत पेयजल आपूर्ति, बूस्टिंग स्टेशन व ट्यूबवैल के बिजली कनैक्शन, वाटर सप्लाई आपरेटर, पेयजल के अवैध कनैक्शन तथा स्कूलों व आंगनवाड़ियों में पेयजल की आपूर्ति आदि के संबंध में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की और संबंधित विभागों को आगामी योजनाओं की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल हर घर की जरूरत है और सभी क्षेत्रों में समान रूप से पेयजल की आपूर्ति होनी चाहिए। जिन क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति में दिक्कत है, वहां तत्काल कार्य किया जाए। उहोंने कहा कि पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच भी करवाई जाए। जल स्त्रोतों की स्थिति का मूल्यांकन किया जाए तथा तालाबों, झीलों और अन्य पारंपरिक जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन के लिए विशेष योजना बनाई जाए। तालाबों आदि की समय-समय पर सफाई भी सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों में पेयजल की आपूर्ति हो तथा जहां पर कोई दिक्कत है तो वहां पर टैंकर आदि से पानी पहुंचाया जाए।

उपायुक्त ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी जल आपूर्ति संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखें और समयबद्ध ढंग से कार्य करें। जिन गांवों में पंप आपरेटर या बिजली कनैक्शन आदि की आवश्यता है तो जनस्वास्थ्य विभाग संबंधित विभागों से तालमेल कर इस संबंध में उचित कार्यवाही सुनिश्चित करे। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक, जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता प्रदीप कुमार, पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता योगेश शर्मा व खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी शमशेर सिंह नैन सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# आमजन से आह्वान प्रत्येक कार्य दिवस में आयोजित समाधान शिविर में दे अपनी शिकायत : उपायुक्त

**प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता पर करें समाधान**

**मंगलवार को आयोजित समाधान शिविर में प्राप्त हुई 7 शिकायतें**




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई की। इस अवसर पर नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखी, जिनमें से अधिकतर समस्याएं परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, पेंशन, नगर परिषद, पुलिस विभाग, सिंचाई विभाग व जनस्वास्थ्य विभाग से संबंधित थी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि मंगलवार को आयोजित समाधान शिविर में कुल 7 शिकायत प्राप्त हुई तथा समाधान के लिए संबधित अधिकारियों को भेज दिया गया है। इस मौके पर उन्होंने सभी संबधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायत का निपटान समय पर कर दे जिससे की आम आदमी को परेशानी न हो। उन्होंने पुरानी शिकायतों पर चर्चा करते हुए सख्त निर्देश दिए है कि ज्यादा वक्त तक कोई भी शिकायत लंबित नही रहनी चाहिए उसका समाधान कर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि सभी अधिकारी जनसमस्याओं के समाधान को लेकर संवेदनशीलता से कार्य करें और नागरिकों को सरकारी कार्यालयों में ज्यादा चक्कर न लगवाएं व उनकी समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान करें। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर नागरिकों व प्रशासन के बीच बेहतर संबंध बनाने में कारगर साबित हो रहे हैं। नागरिक बेझिझक अपनी समस्याओं को लेकर शिविर में पहुंच रहे हैं जिससे प्रशासन को नागरिकों की समस्याओं का पता लग रहा है और उनका समाधान किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा एक स्थान पर ही समाधान शिविर में प्राथमिकता के आधार पर लोगों की शिकायतों का यथासंभव निपटारा किया जा रहा है ताकि लोगों को इधर-उधर न भटकना पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार प्रति कार्य दिवस सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जिला तथा उपमंडल मुख्यालय पर स्थित लघु सचिवालय में समाधान शिविर आयोजित कर लोगों की शिकायतों की सुनवाई की जा रही है। इस अवसर पर सभी विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहते हैं ताकि शिकायतों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने आम जन से आह्वान किया है कि वे किसी के बहकावे में न आएं बल्कि अपनी शिकायत प्रति दिन हर कार्य दिवस में दे सकते है। उन्होंने कहा कि सरकार निर्देशानुसार समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। इस अवसर पर नगराधीश अशोक कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# 590 बच्चों ने दी मिशन बुनियाद के तहत जिला स्तरीय, लेवल-2 परीक्षा

**7 फरवरी 2025 को जारी होगा परीक्षा का परिणाम**

**11 फरवरी को आयोजित होगी तृतीय चरण की परीक्षा तथा परीक्षा का परिणाम 20 मार्च 2025 जारी होगा**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बुनियाद कार्यक्रम में प्रवेश के लिए शिक्षा विभाग की ओर से मंगलवार को जिले में दो केंद्रों पर लेवल-2 की परीक्षा आयोजित की गई। जिला विज्ञान विशेषज्ञ व बुनियाद नोडल अधिकारी रामकिशन आर्य ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जिसमें उन्हें दोनों ही केंद्रों पर नियमानुसार समय पर व सुचारु रूप से परीक्षा चलती पाई गई। परीक्षा में 634 बच्चों में से 590 बच्चे उपस्थित हुए। विभाग की तरफ से जिले में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए दो परीक्षा केंद्र राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल नूंह व राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल नूंह -2 बनाए गए थे। सुबह साढ़े 11 बजे आरंभ हुई परीक्षा के लिए सुबह 09 बजे से ही बच्चे अपने अभिभावकों के साथ परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो गए थे। परीक्षा केंद्र के मुख्यद्वार पर बच्चों की जांच करने के पश्चात ही प्रवेश दिया गया। द्वितीय चरण की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात विद्यार्थियों को तृतीय चरण की परीक्षा देनी होगी।

**चयनित बच्चों को दिलाई जाएगी प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग :** रामकिशन आर्य ने बताया है कि तीनों चरणों की प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले बच्चों को राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा, किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना, IIT, NEET आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की आनलाइन माध्यम से कोचिंग दिलाई जाएगी। साथ ही बुनियाद में पढ़ रहे छात्र- छात्राओं को हरियाणा सरकार द्वारा नि:शुल्क स्टेशनरी,वर्दी व घर से केंद्र तक आने जाने का यातायात भत्ता भी दिया जाएगा इस समय जिले में चार बुनियाद केंद्र चल रहे है।

**बुनियाद परीक्षा का शेड्यूल**

परीक्षा का परिणाम 7 फरवरी 2025, तृतीय चरण की परीक्षा 11 फरवरी को तथा परीक्षा का परिणाम 20 मार्च 2025 आयेगा तथा दाखिले को लेकर काउंसिलिंग 25 मार्च व नया बैच प्रारंभ अप्रैल 2025 शुरू किया जाएगा।

# डीसी अजय कुमार का मऊ में रात्रि ठहराव कार्यक्रम आज

**समाचार गेट/संजय शर्मा**



**गुरूग्राम।** डीसी अजय कुमार की अध्यक्षता में कल 29 जनवरी को उपमंडल पटौदी के गांव मऊ स्थित सामुदायिक केंद्र में प्रात: 9 बजे से रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिला प्रशासन के सभी विभाग उपस्थित रहेंगे और लोगों की समस्याएं सुन उनका त्वरित व उचित समाधान सुनिश्चित करेंगे। उपमंडल पटौदी के एसडीएम दिनेश लुहाच ने बताया कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में डीसी अजय कुमार भी उपस्थित रहेंगे, जो शाम के समय सभी विभागों से संबंधित शिकायतों व समस्याओं के समाधान के लिए की गई कार्यवाही की समीक्षा करेंगे। इस रात्रि ठहराव का अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभ मिले, इसके लिए पंचायत विभाग द्वारा गांव में मुनादी करवाई गई है। उन्होंने बताया कि रात्रि ठहराव में शिकायतों का पंजीकरण डीसी कार्यालय की शिकायत शाखा द्वारा किया जाएगा। संबंधित शिकायतों को समाधान पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा रात्रि ठहराव वाले दिन सुबह से ही मेडिकल कैंप आयोजित किए जाएंगे। आयुर्वेदिक कैंप भी आयोजित कर ग्रामीणों को जरूरी उपचार की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। एसडीएम ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा अपने उपकरण इत्यादि की प्रदर्शनी लगाई जाएगी व खेती-बाड़ी इत्यादि से संबंधित कीटनाशक दवाओं की जानकारी किसानों को प्रदान की जाएगी। पशुपालन विभाग द्वारा रात्रि ठहराव कार्यक्रम में सुबह से ही पशु मैडिकल कैंप आयोजित किए जाएं। लीड बैंक मैनेजर गुरुग्राम द्वारा विभिन्न विभागीय स्कीम्स को लेकर कैम्प लगाने व पात्र लाभार्थियों को संबंधित ब्रांच से तालमेल करवाने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। बागवानी व वन विभाग पौधारोपण व बागवानी को प्रोत्साहन करने के लिए कैंप लगाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान डीसी अजय कुमार गांव में मौजूदा मूलभूत सुविधाओं की भी समीक्षा करेंगे। वहीं समाज कल्याण विभाग द्वारा सभी प्रकार की पेंशन स्कीमों का प्रचार किया जाएगा। एसडीएम दिनेश ने बताया कि रात्रि ठहराव में एडीसी कार्यालय की ओर से परिवार पहचान पत्र के लिए गांव में कैंप लगाना सुनिश्चत किया जाएगा।

# करियर काउंसलिंग - विद्यार्थियों को करियर ऑप्शंस के विषय में बताया

**समाचार गेट/ब्यूरो**



**फरीदाबाद।** जिला प्रशासन के आदेशानुसार गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा, फरीदाबाद में जूनियर रेडक्रॉस एवं सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के सौजन्य से प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा के निर्देशानुसार कक्षा ग्यारह के लगभग एक हजार विद्यार्थियों को डिस्ट्रिक्ट एम्प्लॉयमेंट ऑफिस के सौजन्य से करियर ऑप्शंस सेमिनार का आयोजन किया। इस आयोजन में कक्षा ग्यारहवीं के कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने करियर विकल्पों के विषय में ज्ञान अर्जित किया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी और प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि बहुत अधिक छात्रों को यह ज्ञान नहीं होता कि विद्यालय से निकलने के उपरांत उन्हें मेडिकल, नान मेडिकल, इंजीनियरिंग, एन डी ए अथवा एकेडमिक ग्रेजुएट सहित किस विषय का चयन करना चाहिए। डॉक्टर नेहा सिंह ने कहा कि आप अपना लक्ष्य निर्धारित कीजिए और अपनी रुचि के अनुसार अपने विषय और कैरियर विकल्पों का चयन करें। आप विज्ञान, वाणिज्य, सी ए, कला के माध्यम से अनेकों विषयों का चयन करके उच्च शिक्षा प्राप्त करके अपना करियर बना सकते हैं। आप देश सेवा के लिए भारतीय सेना में एन डी ए अथवा सी डी एस के माध्यम से भी भारतीय सेना, इंडियन नेवी और इंडियन एयर फोर्स में भी अपनी सेवाएं दे सकते हैं उन्होंने इंजीनियरिंग शिक्षा और चिकित्सा एवं इन से संबंधित इंजीनियरिंग, चिकित्सा, नर्सिंग, हॉसपिटैलिटी सहित अन्य क्षेत्रों में भी उपलब्ध कैरियर विकल्पों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी विद्यार्थियों को दी। प्राचार्य मनचंदा ने आए सभी काउंसलर्स और अपने सभी अध्यापकों का विद्यार्थियों को करियर विकल्प बारे जागरूक करने के लिए आभार और धन्यवाद व्यक्त किया और भविष्य में भी समय समय पर इस प्रकार से महत्वपूर्ण जानकारी विद्यार्थियों से सांझा करने की प्रार्थना की।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रंप का फरमान मानने से कोलंबिया का इनकार; निर्वासन उड़ानों को अस्वीकार किया



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि कोलंबिया की सरकार ने प्रवासियों को लाने वाली दो उड़ानों को अस्वीकार कर दिया है और इसलिए वह कोलंबिया के खिलाफ शुल्क, वीजा प्रतिबंध और अन्य जवाबी कदम उठाने का आदेश दे रहे हैं। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल पर यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो के फैसले ने अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को ''खतरे में डाल दिया है। ट्रंप ने लिखा, ''ये सिर्फ़ शुरुआती कदम हैं। हम कोलंबियाई सरकार को अमेरिका में जबरन घुसे अपराधियों को स्वीकार करने और उनकी वापसी संबंधी उसके कानूनी दायित्वों का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं देंगे। इससे पहले रविवार को पेट्रो ने घोषणा की थी कि उनकी सरकार अमेरिका से निर्वासित प्रवासियों को लाने वाली उड़ानों को तब तक स्वीकार नहीं करेगी, जब तक कि ट्रंप प्रशासन उनके साथ ''सम्मानजनक व्यवहार वाला एक एक प्रोटोकॉल नहीं बनाता।

### अर्धसैनिक बलों के खिलाफ लड़ाई खत्म होने वाली है: सूडानी सेना प्रमुख


**खार्तूम, एजेंसी।** सूडान की संक्रमणकालीन संप्रभु परिषद के अध्यक्ष, अब्देल फत्ताह अल-बुरहान ने रविवार को कहा कि सूडानी सेना की अर्धसैनिक बलों, विशेष रूप से रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के खिलाफ चल रही लड़ाई अब खत्म होने वाली है। उन्होंने यह भी कहा कि विद्रोह को समाप्त कर दिया जाएगा। अल-बुरहान ने यह टिप्पणी सूडान की राजधानी खार्तूम में स्थित सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) के जनरल कमांड मुख्यालय का दौरा करते हुए की, जिसे हाल ही में आरएसएफ द्वारा 21 महीने तक घेरे में रखा गया था और अब वह मुक्त हो चुका है। अल-बुरहान ने सैनिकों की भीड़ से कहा, लड़ाई खत्म होने वाली है और विद्रोह को खत्म कर दिया जाएगा। सूडानी लोगों से हमारी प्रतिज्ञा है कि हम इन अपराधियों से तब तक लड़ेंगे जब तक हम उन्हें हरा नहीं देते। उन्होंने यह भी कहा, हमारे सशस्त्र बल सक्षम हैं, और वे पराजित नहीं होंगे। उनका इतिहास खुद बोलता है। इससे पहले शुक्रवार को सूडानी सेना ने घोषणा की थी कि उसने अपने जनरल कमांड मुख्यालय की घेराबंदी को तोड़ दिया है, जो अप्रैल 2023 में युद्ध शुरू होने के बाद से चली आ रही थी। यह मुख्यालय खार्तूम के केंद्र में स्थित है और इसमें सेना मुख्यालय, नौसेना कमान, वायु सेना मुख्यालय, सैन्य खुफिया और रक्षा मंत्रालय जैसी महत्वपूर्ण इमारतें शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय संगठनों के अनुसार, अप्रैल 2023 से सूडान में एसएएफ और आरएसएफ के बीच संघर्ष जारी है, जिसमें अब तक कम से कम 28,000 लोगों की जान जा चुकी है और 15 मिलियन से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं, चाहे वे सूडान के अंदर हों या बाहर।

### दक्षिण कोरिया के अभियोजन पक्ष ने राष्ट्रपति यून पर विद्रोह के आरोप में अभियोग लगाया



**सोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया के अभियोजन पक्ष ने राष्ट्रपति यून सुक-योल पर विद्रोह के आरोप में अभियोग लगाया है। यह जानकारी रविवार को कई मीडिया रिपोर्ट्स ने दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, यून को विद्रोह के संदिग्ध सरगना के रूप में हिरासत में लिया गया और उनके खिलाफ मुकदमा चलाया गया। इस तरह वह दक्षिण कोरिया के पहले मौजूदा राष्ट्रपति बन गए हैं, जिनके खिलाफ विद्रोह के आरोप में अभियोग दायर किया गया है। राष्ट्रपति यून पर आरोप है कि उन्होंने पूर्व रक्षा मंत्री किम योंग-ह्यून के साथ मिलकर एक साजिश रची थी, ताकि देश में असंवैधानिक और अवैध मार्शल लॉ लागू किया जा सके। इस साजिश का उद्देश्य नेशनल असेंबली में सशस्त्र बलों को भेजना था। किम योंग-ह्यून पहले से ही हिरासत में हैं और उन पर भी आरोप लगाए गए हैं। जब भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी ने यून के खिलाफ मामला उठाया, तो अभियोजन पक्ष ने उन्हें गिरफ्तार करने और जांच को आगे बढ़ाने के लिए दो बार अदालत से अनुरोध किया। हालांकि, सोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने इस आवेदन को बार-बार खारिज कर दिया, और यून को जल्द से जल्द मुकदमे का सामना करने के लिए अदालत में पेश करने का आदेश दिया। 19 जनवरी को सोल की एक अन्य अदालत ने यून को गिरफ़्तारी अवधि सहित 20 दिनों तक हिरासत में रखने का वारंट जारी किया था। उन्हें 15 जनवरी को राष्ट्रपति कार्यालय में गिरफ्तार किया गया था। इसके अलावा, 14 दिसंबर 2022 को दक्षिण कोरिया की नेशनल असेंबली ने यून के खिलाफ महाभियोग चलाने का प्रस्ताव पारित किया था। इस पर विचार-विमर्श के लिए यह मामला संवैधानिक अदालत को भेजा गया था, और इस दौरान यून की राष्ट्रपति की शक्तियां निलंबित हो गई थीं। यून पर आरोप है कि उन्होंने 3 दिसंबर 2022 की रात को आपातकालीन मार्शल लॉ लागू किया था, जिसे कुछ घंटों बाद नेशनल असेंबली ने रद्द कर दिया था।

# प्लेन में न पानी, न एयर कंडीशनिंग, अमेरिका से निर्वासित ब्राजीलियाई हथकड़ी और बेड़ियों में पहुंचे



**रियो डी जेनेरियो, एजेंसी।** अमेरिका से निर्वासित किए गए दर्जनों अप्रवासी हथकड़ी में विमान से ब्राजील पहुंचे. इस पर ब्राजील सरकार ने नाराजगी व्यक्त की है. उसने कहा है कि वह डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन से इस पर स्पष्टीकरण मांगेगी. ब्राजील के विदेश मंत्रालय ने कहा कि घर वापसी के दौरान अप्रवासियों के साथ किया गया व्यवहार मानवाधिकारों की घोर अवहेलना है.

यह विवाद ऐसे समय में सामने आया है जब लैटिन अमेरिका अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कट्टर अप्रवासी विरोधी एजेंडे से जूझ रहा है. एक सप्ताह पहले सत्ता में लौटने के बाद से ट्रम्प ने अनियमित प्रवास और सामूहिक निर्वासन पर अपनी कार्रवाई की योजनाओं को लागू किया है. कई विमानों से अवैध अप्रवासियों को ग्वाटेमाला और ब्राजील जैसे विभिन्न देशों में ले जाया जा रहा है.

जब ऐसा ही एक प्लेन ब्राजील के उत्तरी शहर मनौस में उतरा, तो अधिकारियों ने कथित तौर पर पाया कि विमान में सवार 88 ब्राजीलियाई लोगों को हथकड़ी लगी हुई थी. ब्राजील के न्याय मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उन्होंने अमेरिकी अधिकारियों को तुरंत हथकड़ी हटाने का आदेश दिया.

बयान में कहा गया है कि न्याय मंत्री रिकार्डो लेवांडोव्स्की ने राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा को ब्राजील के नागरिकों के मौलिक अधिकारों की घोर उपेक्षा के बारे में बताया. विदेश मंत्रालय ने एक्स पर कहा कि ब्राजील शुक्रवार को रात की उड़ान में यात्रियों के साथ अपमानजनक व्यवहार के बारे में अमेरिकी सरकार से स्पष्टीकरण मांगेगा. विमान में सवार ब्राजीलियाई लोगों में 31 साल के कंप्यूटर तकनीशियन एडगर दा सिल्वा मौरा भी शामिल थे. निर्वासित होने से पहले वह सात महीने तक अमेरिका में हिरासत में रहे.

उन्होंने समाचार एजेंसी एएफपी को बताया, विमान में, उन्होंने हमें पानी नहीं दिया, हमारे हाथ-पैर बंधे हुए थे, उन्होंने हमें बाथरूम भी नहीं जाने दिया. मौरा ने कहा, वहां बहुत गर्मी थी, कुछ लोग बेहोश हो गए. इक्कीस साल के लुइस एंटोनियो रोड्रिग्स सैंटोस भी विमान में थे. उन्होंने विमान में तकनीकी समस्याओं के कारण बिना एयर कंडीशनिंग के चार घंटे के सफर के दौरान सांस की समस्याओं से पीड़ित लोगों के दुःस्वप्न को याद किया. उन्होंने कहा, चीजें पहले ही बदल चुकी हैं (ट्रंप के साथ), अप्रवासियों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है. यह उड़ान मूल रूप से दक्षिण-पूर्वी शहर बेलो होरिज़ोंटे के लिए निर्धारित थी, लेकिन तकनीकी समस्या के कारण इसे मनौस में उतरना पड़ा.

**उड़ान ट्रंप के प्लान का हिस्सा नहीं :** एक सरकारी सूत्र ने एएफपी को बताया कि निर्वासन उड़ान का सीधा संबंध ट्रंप द्वारा पदभार ग्रहण करने पर जारी किए गए किसी भी इमिग्रेशन आर्डर से नहीं था, बल्कि यह 2017 के द्विपक्षीय समझौते से उपजा था.

ब्राजील के मानवाधिकार मंत्री मैके एवरिस्टो ने पत्रकारों को बताया कि, उड़ान में ऑटिज्म से पीड़ित बच्चे ... बहुत गंभीर अनुभवों से गुजरे हैं. ब्राजील के टेलीविजन पर फुटेज में कुछ यात्री नागरिक विमान से उतरते हुए दिखाई दिए, जिनके हाथों में हथकड़ी और पैरों में बेड़ियां लगी हुई थीं.

न्याय मंत्रालय ने कहा, स्थिति के बारे में जानने के बाद राष्ट्रपति लूला ने आदेश दिया कि ब्राजीलियाई लोगों को उनके अंतिम गंतव्य तक पहुंचाने के लिए ब्राजीलियाई वायु सेना के विमान को तैनात किया जाए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे अपनी यात्रा सम्मान और सुरक्षा के साथ पूरी कर सकें. ब्राजील सरकार के एक सूत्र ने एएफपी को बताया कि मनौस में पहुंचे निर्वासित लोग अपने दस्तावेजों के साथ यात्रा कर रहे थे, जिससे पता चलता है कि वे घर लौटने के लिए सहमत थे.

**ट्रम्प का इमिग्रेशन एक्शन :** डोनाल्ड ट्रम्प ने चुनाव प्रचार के दौरान अवैध इमिग्रेशन पर कार्रवाई का वादा किया था और अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत अमेरिका में एंट्री को सुधारने के उद्देश्य से कार्रवाइयों की झड़ी लगा दी. अपने कार्यकाल के पहले दिन, उन्होंने दक्षिणी अमेरिकी सीमा पर राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करने के आदेशों पर हस्ताक्षर किए और आपराधिक विदेशियों को निर्वासित करने का संकल्प लेते हुए क्षेत्र में और अधिक सैनिकों की तैनाती की घोषणा की. सोमवार से कई निर्वासन उड़ानों ने जनता और मीडिया का ध्यान आकर्षित किया. हालांकि पिछले अमेरिकी राष्ट्रपतियों के शासन काल में भी ऐसी कार्वाइयां आम थीं.

## बांग्लादेश की यूनुस सरकार बड़ी मुश्किल में, ट्रम्प ने सहायता कार्यक्रमों के लिए धनराशि रोकी

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के लिए यह एक बड़ा झटका है, क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका की दानदाता एजेंसी, यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) ने देश में किए जा रहे किसी भी अनुबंध, कार्य आदेश, अनुदान, सहकारी समझौतों या अन्य सहायता या खरीद उपकरणों के तहत किए जा रहे किसी भी काम को अचानक समाप्त या निलंबित करने का फैसला किया है। शनिवार को परियोजना कार्यान्वयन भागीदारों को भेजे गए एक संदेश में, यूएसएआईडी ने बांग्लादेश में अपने भागीदारों को यह आदेश दिया। अपने पत्र में, यूएसएआईडी ने सभी यूएसएआईडी/बांग्लादेश कार्यान्वयन भागीदारों को यूएसएआईडी/बांग्लादेश अनुबंध, कार्य आदेश, अनुदान, सहकारी समझौते, या अन्य सहायता या अधिग्रहण साधन के तहत किसी भी कार्य को तुरंत रोकने या निलंबित करने का निर्देश दिया।

निलंबन को विदेशी सहायता आवंटन की व्यापक समीक्षा के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। यह आदेश इजरायल और मिस्र को सैन्य वित्तपोषण को छोड़कर सभी मौजूदा विदेशी सहायता को कवर करता है। इस कदम से महत्वपूर्ण सहायता कार्यक्रमों को रोकने की संभावना है क्योंकि यह सुनिश्चित करेगा कि अरबों डॉलर की जीवन रक्षक सहायता रोक दी जाए।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज के साथ अपनी बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति पर भी संक्षिप्त चर्चा की। जयशंकर ने भारतीय पत्रकारों के एक समूह से कहा, हां, हमने बांग्लादेश पर संक्षिप्त चर्चा की। मुझे नहीं लगता कि मुझे और अधिक विवरण में जाना उचित होगा।

मंत्री इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि क्या रुबियो और वाल्ट्ज के साथ उनकी बैठकों के दौरान बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार पर चर्चा हुई। इससे पहले, भारतीय अमेरिकी कांग्रेसी थानेदार ने अमेरिकी वित्त और राज्य विभागों से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ जघन्य कृत्य करने वालों पर प्रतिबंध लगाने और उन्हें लागू करने का आग्रह किया था। उन्होंने बांग्लादेश में मानवाधिकारों के उल्लंघन का मुद्दा भी उठाया।

## लेबनान से इजराइली सैनिकों की वापसी 18 फरवरी तक बढ़ी

**बेरूत/तेल अवीव, एजेंसी।** लेबनान से इजराइली सैनिकों की वापसी की समय सीमा 18 फरवरी तक बढ़ा दी गई है। रविवार को अमेरिकी व्हाइट हाउस ने इसकी जानकारी दी। हिजबुल्लाह के साथ सीजफायर के लिए इजराइल-लेबनान में 27 नवंबर को सीजफायर साइन हुआ था। इसके तहत 60 दिनों में साउथ लेबनान से इजराइली सेना के वापस लौटने की डेडलाइन रखी गई थी, जो 25 जनवरी को पूरी हो गई। इजराइल ने सेना की वापसी की समय सीमा बढ़ाने की मांग की थी। दरअसल इजराइल, साउथ लेबनान के सभी इलाकों में लेबनानी सेना तैनाती चाहता है, जिससे यहां हिजबुल्लाह के लड़ाकों की मौजूदगी न बन पाए।साउथ लेबनान में रविवार, 26 जनवरी को इजराइली सैनिकों की वापसी को लेकर प्रदर्शन हुए। ये प्रदर्शनकारी सीजफायर समझौते के तहत इजराइली सेना से वापस जाने की मांग कर रहे थे। इस दौरान इजराइली सेना ने प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक इस गोलीबारी में 22 लोगों की मौत हो गई और 124 लोग घायल भी हुए हैं। मृतकों में 6 महिलाएं और एक क लेबनानी सेना का सैनिक शामिल है। बॉर्डर इलाके के 20 गांवों के लोग इस गोलीबारी में घायल हुए हैं।इजराइल और हिजबुल्लाह में अमेरिका और फ्रांस की मध्यस्थता से सीजफायर हुआ था।

# तीन पूर्व अधिकारियों की सुरक्षा हटाने पर सीनेटर कॉटन ने जताई आपत्ति, कहा- फैसले पर दोबारा विचार करें ट्रंप



**वाशिंगटन, एजेंसी।** पूर्व विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ, उनके सहयोगी ब्रायन हुक और पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन की सुरक्षा हटाने पर सीनेट खुफिया समिति के अध्यक्ष ने आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप को अपने फैसले एक बार फिर विचार करना चाहिए।

सीनेटर टॉम कॉटन ने कहा है कि यह सुरक्षा सिर्फ उन पूर्व वरिष्ठ राष्ट्रीय अधिकारियों के लिए नहीं है, बल्कि आम लोगों के लिए भी है। वे राष्ट्रपति द्वारा उन लोगों को निशाना बनाए जाने के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं जिन्हें वे अपने विरोधी मानते हैं। कॉटन ने कहा कि राष्ट्रपति को व्हाइट हाउस में सेवा के लिए योग्य व्यक्तियों को बनाए रखने की जरूरत होती है। इसके लिए कभी-कभी अधिकारियों के लिए सुरक्षा की जरूरत पड़ सकती है। मैंने हाल ही में खुफिया जानकारी देखी है कि तीनों पूर्व अधिकारी ईरान के निशाने पर हैं।

सीनेटर ने कहा कि ट्रंप को पूर्व विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ, उनके सहयोगी ब्रायन हुक और पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन की सुरक्षा पर फिर से विचार करना चाहिए। तीनों अधिकारी ईरानी जनरल कासिम सुलेमानी पर घातक ड्रोन हमले की योजना बनाने और चर्चा करने में सभी शामिल थे।

उन्होंने कहा कि कासिम सुलेमानी पर राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से किए गए हमले में शामिल किसी भी व्यक्ति के लिए खतरा लगातार बना हुआ है। क्योंकि ईरान इन सभी लोगों से बदला लेने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अफसोस जताने से बेहतर है कि सुरक्षित रहें। यह सिर्फ उन लोगों के बारे में नहीं है जिन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप की उनके पहले कार्यकाल में उनकी नीति को लागू करने में मदद की थी। यह उनके परिवार, दोस्तों और जब वे सार्वजनिक होते हैं तो निर्दोष दर्शकों के बारे में है।

कॉटन ने कहा कि तीनों पूर्व वरिष्ठ अधिकारयों की सुरक्षा हटाने के ट्रंप के फैसले से भविष्य में सबसे योग्य सलाहकारों को नियुक्त करने की राष्ट्रपति की क्षमता पर गलत प्रभाव पड़ सकता है। यह राष्ट्रपति के लिए अच्छे लोगों को पाने और अच्छी सलाह पाने की क्षमता के बारे में भी है। अमेरिका नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले सप्ताह पूर्व विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ, उनके सहयोगी ब्रायन हुक और पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन की सुरक्षा हटा दी थी। पूर्व विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ, उनके सहयोगी ब्रायन हुक को ईरान से धमकियां मिलने के कारण सुरक्षा दी गई थी। दोनों ने ट्रंप के पहले प्रशासन के दौरान ईरान पर सख्त रुख अपनाया था। यह कदम ट्रंप की वापसी के बाद उन लोगों को निशाना बनाने का संकेत है, जिन्हें वे विरोधी मानते हैं। इससे पहले, ट्रंप ने अपने पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन की सुरक्षा भी वापस ली थी, जिन्होंने एक किताब लिखी थी, जिससे ट्रंप नाराज थे। इस फैसले पर ट्रंप ने कहा था कि क्या आप चाहते हैं कि लोगों की सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में लोग जीवन भर तैनात रहें?

# बेलारूस ने अमेरिकी महिला को किया रिहा, राष्ट्रपति चुनाव के एग्जिट पोल में लुकाशेंको को बढ़त



**मिन्स्क, एजेंसी।** बेलारूस ने राष्ट्रपति चुनाव के बीच हिरासत में ली गई अमेरिकी महिला को रिहा कर दिया। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बताया कि बेलारूस ने अमेरिकी महिला अनास्तासिया नुफर को रिहा कर दिया है। उसे निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल में हिरासत में लिया गया था। बेलारूस ने यह नहीं बताया कि महिला को कब और क्यों हिरासत में लिया गया था। बेलारूस के इस कदम को पश्चिम देशों के साथ संबंधों को बेहतर करने का प्रयास माना जा रहा है।

दरअसल 2020 में जब देश में राष्ट्रपति चुनाव हुए थे तो लोगों ने बड़े पैमाने पर मतदान में धांधली की आशंका को लेकर विरोध प्रदर्शन किए थे। इस दौरान 65,000 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया, हजारों लोगों को पीटा गया। इसके बाद पश्चिमी देशों ने बेलारूस की निंदा की और प्रतिबंध लगाए। बताया जाता है कि अभी भी 1250 से अधिक लोग हिरासत में हैं। वहीं राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको के विरोधियों ने देश में हो रहे राष्ट्रपति चुनाव को दिखावा करार दिया।

बेलारूस के पूर्व राजनयिक ने बताया कि अमेरिकी महिला की गिरफ्तारी 2020 के चुनाव के विरोध प्रदर्शन से जुड़ी है। बताया जा रहा है कि महिला को रिहा करने की पेशकश खुद राष्ट्रपति लुकाशेंको ने की थी। इसे लेकर लुकाशेंको के कार्यकर्ता भी हैरान हैं। हालांकि लुकाशेंको के इस कदम को यूक्रेन युद्ध में रूस का समर्थन करने और विरोध प्रदर्शन के कारण पश्चिमी देशों के साथ संबंध बेहतर करने की कवायद माना जा रहा है।

बेलारूस में चल रहे राष्ट्रपति चुनाव के एग्जिट पोल मौजूदा राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको की जीत की ओर इशारा कर रहे हैं। एग्जिट पोल के मुताबिक लुकाशेंको को 87 फीसदी वोटों से जीत मिलने का अनुमान है। एक समारोह के दौरान लुकाशेंको ने कहा कि हमारे सभी विरोधियों और दुश्मनों को समझना चाहिए कि उम्मीद मत करो। हम 2020 में जो हुआ उसे कभी नहीं दोहराएंगे। बेलारूस कठोर लोकतंत्र वाला देश है। हम किसी पर दबाव नहीं डालते और किसी को चुप नहीं कराते हैं। यूरोपीय संघ ने बेलारूस में चुनाव को अवैध करार देते हुए खारिज कर दिया और नए प्रतिबंधों की धमकी दी।

## ट्रंप के गुस्से से डरे कोलंबियाई राष्ट्रपति, कोलंबिया निर्वासित प्रवासियों को स्वीकार करने पर हुए सहमत



**वाशिंगटन डीसी, एजेंसी।** कोलंबिया निर्वासित प्रवासियों को स्वीकार करने पर सहमत हो गया है. इसके बाद अमेरिका ने टैरिफ लगाने की धमकी वापस ले ली. लेकिन फिलहाल अन्य प्रतिबंधों को बरकरार रखा. इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार (स्थानीय समय) को कोलंबिया पर 25 प्रतिशत प्रतिशोधी आपातकालीन टैरिफ की घोषणा की थी. क्योंकि कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने अमेरिकी सैन्य निर्वासन उड़ानों को अवरुद्ध कर दिया था.

पेट्रो की घोषणा के बाद, ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में उनकी आलोचना की. उन्होंने कोलंबिया को लक्षित करते हुए कई प्रतिबंधों और नीतियों की घोषणा की. अमेरिकी राष्ट्रपति ने कोलंबिया से सभी आयातों पर 25 प्रतिशत टैरिफ, कोलंबियाई नागरिकों के लिए यात्रा प्रतिबंध और अमेरिका में कोलंबियाई अधिकारियों के साथ-साथ सभी सहयोगियों और समर्थकों के लिए वीजा रद्द करना शामिल था.

ट्रंप ने कोलंबियाई राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो पर आगे हमला करते हुए उन्हें अलोकप्रिय कहा. उन्होंने दावा किया कि इन उड़ानों को अस्वीकार करने से संयुक्त राज्य अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा खतरे में पड़ गई है. उन्होंने कहा कि मुझे अभी-अभी बताया गया कि बड़ी संख्या में अवैध अपराधियों के साथ अमेरिका से दो प्रत्यावर्तन उड़ानों को कोलंबिया में उतरने की अनुमति नहीं दी गई.

इससे पहले रविवार को, पेट्रो ने देश की ओर जाने वाले प्रवासियों को ले जाने वाली दो अमेरिकी सैन्य उड़ानों को रोकने की घोषणा की थी. उन्होंने अमेरिका से प्रवासियों के साथ अपने व्यवहार में बेहतर प्रोटोकॉल स्थापित करने का आह्वान किया था. उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका कोलंबियाई प्रवासियों के साथ अपराधी जैसा व्यवहार नहीं कर सकता. उन्होंने प्रवासियों को ले जाने वाले अमेरिकी विमानों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया.

अमेरिका कोलंबियाई प्रवासियों के साथ अपराधी जैसा व्यवहार नहीं कर सकता. मैं कोलंबियाई प्रवासियों को ले जाने वाले अमेरिकी विमानों के हमारे क्षेत्र में प्रवेश से इनकार करता हूं. उन्होंने कहा कि अमेरिका को प्रवासियों को स्वीकार करने से पहले उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार करने के लिए एक प्रोटोकॉल स्थापित करना चाहिए. ट्रंप ने यह भी कहा है कि एक सप्ताह के बाद, वस्तुओं पर टैरिफ 50 प्रतिशत तक बढ़ जाएगा.

# अवैध अप्रवासियों की तलाश में गुरुद्वारों में छापे मार रही पुलिस, सिख नेता बोले- ये हमारी आस्था के खिलाफ




**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में अवैध अप्रवासियों के खिलाफ लगातार कड़ी कार्रवाई जारी है। इसी के तहत अब अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी के अधिकारी अब गुरुद्वारों में भी अवैध अप्रवासियों की तलाश कर रहे हैं। होमलैंड सिक्योरिटी के अधिकारियों ने न्यूयॉर्क और न्यूजर्सी के गुरुद्वारों में जाकर अवैध अप्रवासियों की तलाश की। हालांकि जांच अधिकारियों की इस कार्रवाई ने सिख संगठनों को नाराज कर दिया है और उन्होंने इसे आस्था से खिलवाड़ बताया है।

### ट्रंप ने बदले नियम

न्यूयॉर्क और न्यूजर्सी के कुछ गुरुद्वारों को लेकर माना जाता है कि वहां सिख अलगाववादी और अवैध अप्रवासी रहते हैं। पूर्व की बाइडन सरकार में ऐसे नियम थे कि पूजास्थलों, स्कूल आदि में आव्रजन और सीमा सुरक्षा जांच एजेंसियां कार्रवाई नहीं कर पाती थीं। हालांकि डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कार्यकारी आदेश से उस पाबंदी को खत्म कर दिया है। होमलैंड सिक्योरिटी के अधिकारियों का कहना है कि अब अपराधी और अवैध अप्रवासी स्कूलों, चर्च या अन्य पूजा स्थलों में छिप नहीं सकेंगे।

वहीं होमलैंड सिक्योरिटी द्वारा गुरुद्वारों में छापेमार कार्रवाई का सिख संगठनों ने विरोध शुरू कर दिया है। एक बयान में सिख अमेरिकन लीगल डिफेंस एंड एजुकेशन फंड ने संवेदनशील जगहों जैसे पूजास्थलों, स्कूल आदि में तलाशी की आलोचना की। संगठन ने कहा कि गुरुद्वारे सिर्फ पूजा की जगह ही नहीं हैं बल्कि ये सामुदायिक भवन है, जो सिखों और अन्य समुदायों की मदद करते हैं। इस तरह गुरुद्वारों को निशाना बनाने से पूरे सिख समुदाय में नाराजगी पैदा होगी। एक अन्य संगठन ने कहा कि बिना वारंट या वारंट के साथ भी गुरुद्वारों की निगरानी करना अस्वीकार्य है। ये हमारी आस्था पर हमला है और इससे धार्मिक क्रियाकलाप प्रभावित होंगे।

### सहयोग न करने वाले देशों पर लगाएंगे प्रतिबंध

अमेरिकी संसद के निचले सदन के स्पीकर माइक जॉनसन ने चेतावनी दी है कि जो भी देश अमेरिका से निर्वासित हुए अपने नागरिकों को वापस लेने में सहयोग नहीं करेगा, उस पर प्रतिबंध लगाए जाएंगे।

गौरतलब है कि ट्रंप सरकार ने अमेरिका से अवैध अप्रवासियों को निर्वासित करना शुरू कर दिया है। कोलंबिया ने पूर्व में अपने निर्वासित नागरिकों को वापस भेजने के अमेरिका के तरीके से नाराजगी जाहिर करते हुए अपने नागरिकों को वापस लेने से मना कर दिया था। जिसके बाद ट्रंप सरकार ने कोलंबिया पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का निर्देश दिया तो कोलंबिया की सरकार ने यू-टर्न लेते हुए अपने निर्वासित नागरिकों को वापस लेने का फैसला किया।

# देश में धड़ल्ले से क्रेडिट कार्ड से खर्च कर रहे लोग, सितंबर तिमाही में 34 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी

**मुंबई ।**

भारत में क्रेडिट कार्ड के उपयोग में सितंबर तिमाही में 34 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है, जबकि 2023 की समान अवधि में यह आंकड़ा 26 प्रतिशत के पास था। इसकी वजह ग्राहकों द्वारा अपनी खपत की जरूरतों को पूरा करने के लिए मौजूदा क्रेडिट कार्ड से अधिक खर्च करना है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई।रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की रिटेल क्रेडिट ग्रोथ में सितंबर 2024 को समाप्त हुई तिमाही में हल्की नरमी देखने को मिली है। इसकी वजह लोन मांग वृद्धि की दर में सामान्य गिरावट और अधिकांश लोन उत्पादों में क्रेडिट की आपूर्ति में कमी होना है।

एक आर्थिक जानकार ने बताया कि क्रेडिट कार्ड पर खर्च में मजबूत वृद्धि उपभोक्ताओं के बीच इसकी बढ़ती स्वीकार्यता को दिखाती है। यह केवल लेनदेन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि क्रेडिट तक आसान पहुंच को भी दिखाती है। यह लेंडर्स के लिए एक मौका हो सकता है कि वे इसतरह के उपभोक्ताओं की पहचान करें जिन्हें अपने उपभोग के लिए अतिरिक्त लोन की आवश्यकता है और उन्हें बेहतर और किफायती समाधान उपलब्ध कराएं। रिपोर्ट के अनुसार, पर्सनल लोन में सालाना आधार पर दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की गई, जो कि सितंबर 2024 में 11 प्रतिशत रही है। यह वृद्धि दर पिछले साल के समान अवधि के आंकड़े 32 प्रतिशत से काफी कम है।



रिपोर्ट में बताया गया है कि दोपहिया वाहनों और प्रॉपर्टी के बदले लोन में भी मजबूत वृद्धि दिखाई दी है। जानकार ने सुझाव दिया, बाजार की बदलती परिस्थितियों का मतलब है कि लेंडर्स को रिटेल लोन वृद्धि के लिए टारगेटेड एप्रोच अपनाने की आवश्यकता है।

# चीनी एआई स्टार्टअप से अमेरिकी शेयर बाजार में हलचल

**न्यूयार्क ।**

अमेरिकी शेयर बाजार में चीनी एआई स्टार्टअप डीपसीक की डीप लर्निंग तकनीक से बड़ी गिरावट आई। इसके परिणामस्वरूप नेस्डेक कम्पोजिट इंडेक्स 3 फीसदी से अधिक कम हो गया। नास्डैक में एनवीडिया कॉर्प के शेयर में 17 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई, जिससे उसका मार्केट कैप 2.90 लाख करोड़ डॉलर तक कम हो गया। तकनीकी कंपनियों में गिरावट के कारण एसएंडपी 500 टेक सेक्टर में 5.6 फीसदी की गिरावट भी दर्ज की गई। इसे लेकर मार्केट में निवेशकों की चिंता बढ़ी है। डीपसीक की क्षमता और कम लागत ने अमेरिकी टेक कंपनियों को चिंतित किया है। इसके अलावा, अमेरिका ने चीन को एडवांस्ड सेमीकंडक्टर तकनीक पर प्रतिबंध लगाया है, जिससे इस दिशा में भी खतरा बना रहा है। हालांकि डीपसीक का उच्च प्रदर्शन और लोकप्रियता के कारण यह अमेरिकी टेक इंडस्ट्री को एक नए चुनौती दे रहा है। निवेशक अब इस स्थिति में सतर्क रहने के सुझाव पर ध्यान दें।




# कुंभ को लेकर मोटी कमाई कर रही विमानन कंपनियां, किराए में 200 से 700 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी

## विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने किराए को लेकर केंद्र से की मांग

**नई दिल्ली ।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में श्रद्धालुओं को तांता लगा है, अब तक 11 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। देश ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी लोग कुंभ पहुंचे रहे हैं, बढ़ती भीड़ के साथ ही महाकुंभ पहुंचने के लिए फ्लाइट के किराए में भी जोरदार बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली या मुंबई से प्रयागराज जाने के लिए फ्लाइट टिकट इतना महंगा हो गया है कि इतने में आप सिंगापुर, दुबई या लंदन तक पहुंच जाएंगे। जी हां टिकट का दाम 50-60 हजार रुपये तक पहुंच गया है। महाकुंभ मेला में पवित्र स्नान के दिनों के लिए फ्लाइट टिकट में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी देखने को मिली है। 13 जनवरी को शुरू हुए कुंभ में आने वाली 29 जनवरी को मौनी अमावस्या, 3 को बसंत पंचमी और 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा जैसी तारीखों पर दिल्ली और मुंबई से प्रयागराज जाने वाली फ्लाइट की टिकट की कीमतें आसमान पर पहुंच गई हैं। सामान्य दिनों में दिल्ली से प्रयागराज आने और जाने का किराया 10-12 हजार रुपये के बीच होता है, वहीं मुंबई से प्रयागराज का हवाई किराया भी 15000 रुपये है। लेकिन अमृत स्नान के दिन महाकुंभ के लिए दिल्ली से प्रयागराज आने और जाने का किराया 50,000 रुपये, वहीं मुंबई से प्रयागराज की फ्लाइट टिकट की कीमतें 50-60 हजार रुपये तक पहुंच गई हैं। जी हां, दिल्ली से लंदन का किराया 3 फरवरी के लिए 30 से 37 हजार रुपये के आस-पास है, जबकि दिल्ली से सिंगापुर इस तारीख को फ्लाइट टिकट 24-25 रुपये के आस-पास है। महाकुंभ के लिए फ्लाइट टिकट की कीमतों में ताबड़तोड़ बढ़ोतरी को लेकर अब मोदी सरकार से इन पर लगाम लगाने की आवाज उठी है। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने रॉकेट की रफ्तार से बढ़ रहे महाकुंभ के लिए हवाई किरायों पर विराम लगाने की गुहार सरकार से लगा दी है। उन्होंने पोस्ट शेयर कर कहा है कि महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा, सुरक्षा और सुविधाओं का राज्य सरकार पूरा ध्यान रख ही रही है, लेकिन कुछ विमानन कंपनियां यात्रियों के बढ़ती संख्या का लाभ लेने के मकसद से हवाई किराए में बेतहाशा बढ़ोतरी कर रही हैं, जो अनुचित और अनैतिक है।

# भारत में ईवी की ब्रिकी 30 से 35 प्रतिशत हो सकती, एक रिपोर्ट में खुलासा




**मुंबई ।**

इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) की हिस्सेदारी कुल बिक्री में वित्त वर्ष 30 तक बढ़कर 30 से 35 प्रतिशत हो सकती है, जो कि 2024 में 7.4 प्रतिशत और 2019 में एक प्रतिशत से भी कम थी। इसकी जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि जीवाश्म ईंधनों से चलने वाले वाहनों की हिस्सेदारी आने वाले वर्षों में भी कुल वाहनों की बिक्री में अधिक रहेगी, लेकिन ईवी इसमें जबरस्त बढ़ोत्तरी करेगी।

रिपोर्ट में बताया गया कि वाहनों की कम संख्या होने के कारण भारत के पास तेजी से वृद्धि का एक अनोखा मौका है। ईवी कई लोगों की पहली कार हो सकती है। यह कुछ ऐसा ही होगा, जैसे भारत में 4जी के लिए 3जी को छोड़ा। इस वजह से कुल बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 30 तक 30 से 35 प्रतिशत होगी। बैटरी और इलेक्ट्रॉनिक ड्राइव यूनिट, किसी भी ईवी का मुख्य आधार इनकी हिस्सेदारी कुल लागत में करीब 50 प्रतिशत की होती है। ओईएम अपनी बैटरी की 75 प्रतिशत जरूरतों को आउटसोर्स करते हैं, लेकिन बैकवर्ड इंटीग्रेशन के कारण वित्त वर्ष 30 तक यह घटक 50 प्रतिशत होगी।

वर्ष 2030 तक 100 गीगावाट की ईवी बैटरी क्षमता प्राप्त करने के लिए करीब 500-600 अरब रुपये का पूंजीगत व्यय होने का अनुमान है।

इस दौरान चार्जिंग इंफ्रास्ट्रचर को बढ़ाने के लिए 200 अरब रुपये के निवेश की आवश्यकता होगी। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत का ईवी इंसेंटिव काफी अच्छा है। पीएम ई-ड्राइव विशिष्ट वाहन वर्गों को बढ़ावा देता है और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार को भी

# भारतीय विमान रखरखाव, मरम्मत व संरक्षण राजस्व 50 फीसदी बढ़ने की उम्मीद: क्रिसिल

**- राजस्व वित्त वर्ष 2025-26 में 4,500 करोड़ हो सकता है पार**

**मुंबई।**

विमानन कंपनियों के अपने बेड़े का आकार बढ़ाने से पैदा हुई मांग के बीच भारतीय एमआरओ उद्योग को अगले वित्त वर्ष में 4,500 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त करने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने तीन एमआरओ परिचालकों पर आधारित एक अध्ययन में इस उत्थान की भविष्यवाणी की है। क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार, घरेलू विमान रखरखाव, मरम्मत और संरक्षण उद्योग का राजस्व वित्त वर्ष 2025-26 में 4,500 करोड़ रुपये को पार कर जाएगा, जिसमें 2023-24 की तुलना में 50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज होगी। एमआरओ कंपनियों को घरेलू एमआरओ कंपनियों के मुकाबले अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद मिलेगी और उनकी कार्यशील पूंजी का संभावित बढ़ना भी होगा। भारतीय एमआरओ कंपनियां मुख्य रूप से तीन प्रकार की सेवाएं प्रदान करती हैं - लाइन चेक, एयर फ्रेम चेक और पुनर्वितरण जांच। रिपोर्ट के अनुसार, इन सेवाओं में वृद्धि की संभावना है और नए विमानों के शामिल होने से भारतीय परिचालकों के हवाई बेड़े में वृद्धि देखने की उम्मीद है।



क्रिसिल रेटिंग्स के निदेशक ने बताया कि पुनर्वितरण जांच की वृद्धि के समय प्रेरित होने से सभी विमान घटकों पर गीएसटी इनपुट टैक्स कम होगा। इस सुधार से भारतीय एमआरओ कंपनियों की उदारि और व्यापकता में वृद्धि की उम्मीद है।

# भारत-इंडोनेशिया के बीच व्यापार में 30 अरब डॉलर की हो सकती है वृद्धि: बाकरी

**नई दिल्ली ।**

इंडोनेशिया चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (केएडीआईएन) के प्रमुख अनिंद्य बाकरी ने दूसरे देशों के साथ भारत और इंडोनेशिया के बीच द्विपक्षीय व्यापार की संभावनाओं के बारे में व्यापक चर्चा की। बाकरी ने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार का हो सकता है बड़ा बढ़ता हुआ संबंध जिससे भारत और इंडोनेशिया के बीच व्यापार करीब 30 अरब अमेरिकी डॉलर का हो सकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों देश एक साथ मिलकर वृद्धि करेंगे और प्रभावी तरीके से विश्व की सेवा करेंगे। इस व्यापार के बड़े मौके को देखते हुए भारत और इंडोनेशिया के बीच सांस्कृतिक संबंध, व्यापार व निवेश संबंधों को गहरा करने में केंद्रित कंपनी बाकरी एंड ब्रदर्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे पहले भारत और इंडोनेशिया के इस वर्ष व्यापार व निवेश पर कार्य समूह की दूसरी बैठक होगी, जिसमें दोनों देशों के व्यापार मंत्रियों के समाधान के लिए उम्मीद है। इसके साथ ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वक्ताओं ने ब्रिक्स देशों के साथ बातचीत की महत्वता को भी उजागर किया।



# भारत में निवेश की घोषणाओं में 39 फीसदी की वृद्धि

**वित्त वर्ष 25 के पहले 9 महीने में कुल निवेश 32 लाख करोड़**

**मुंबई ।** भारत के निवेश पारिस्थितिकी तंत्र और बाहरी वाणिज्यिक ऋण में पिछले कुछ वर्षों में कुछ बदलाव देखा जा रहा है। वित्त मंत्रालय ने हाल ही में बताया है कि निवेश की घोषणाओं में वृद्धि हो रही है और निजी क्षेत्र का इसमें अहम योगदान है। वित्त वर्ष 2025 के पहले नौ महीनों (अप्रैल से दिसंबर 2024) में कुल निवेश घोषणाएं 32.01 लाख करोड़ रुपये रही। यह पिछले साल की तुलना में 39 फीसदी अधिक है, क्योंकि वित्त वर्ष 24 में ये घोषणाएँ 23 लाख करोड़ रुपये थीं। इस वृद्धि से निवेश पर सकारात्मक रुझान दिख रहे हैं। निवेश घोषणाओं में निजी क्षेत्र का योगदान बढ़कर 70 फीसदी तक पहुंच गया है, जबकि वित्त वर्ष 24 में यह आंकड़ा 56 फीसदी था। इसका मतलब है कि कॉर्पोरेट क्षेत्र में विश्वास मजबूत हो रहा है और कंपनियां ज्यादा निवेश करने के लिए तैयार हैं। मार्च 2024 तक भारतीय कॉर्पोरेट्स का कुल ग्रॉस ब्लॉक 106.50 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो मार्च 2020 में 73.94 लाख करोड़ रुपये था। पिछले 5 वर्षों में औसतन 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हर साल कॉर्पोरेट ग्रॉस ब्लॉक में हुआ है।

# डीपसीक के हमले से विश्व के अमीरों की संपत्ति में भारी गिरावट

**-जुकरबर्ग और बेजोस को हुआ फायदा**

**मुंबई।** चीनी एआई डेवलपर डीपसीक ने दुनिया भर के टॉप अमीरों की संपत्ति में भारी नुकसान कर दिया है। डीपसीक के हमले के कारण अमेरिका समेत अन्य देशों की शेयर मार्केट में गिरावट आई है। डीपसीक के हमले के परिणाम स्वरुप दुनिया के टॉप 500 अमीरों की संपत्ति में गिरावट आ गई है। उनकी नेटवर्थ कुल मिलाकर 108 अरब डॉलर कम हो गई है। इस हमले से सबसे ज्यादा नुकसान अमेरिकी शेयर मार्केट को हुआ है। अमेरिकी शेयर मार्केट में 3.1 फीसदी की गिरावट आई है और उसके परिणामस्वरूप अमेरिकी अरबपतियों को भी भारी नुकसान हुआ है। इस गिरावट का सबसे ज्यादा प्रभाव ओरेकल कॉर्प के को-फाउंडर लैरी एलिसन और एनवीडिया कॉर्प के को-फाउंडर जेन्सन हुआंग पर दिखा है। इन दोनों धनकुबेरों की संपत्ति में 20 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई है। इस गिरावट के बाद भी कुछ टेक कंपनियों के अरबपति अपनी संपत्ति में इजाफा देख रहे हैं। इसके बावजूद यह हमला टेक सेक्टर के दिग्गजों को 94 अरब डॉलर का नुकसान पहुंचा चुका है। सोमवार को हुई गिरावट के बाद मार्क जुकरबर्ग की संपत्ति में बढ़ोतरी है जबकि जेफ बेजोस और बिल गेट्स भी इजाफा देख रहे हैं।

# टियर 2 और टियर 3 बाजारों में 24 मिलियन नए रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे

**भारत में पर्यटन उद्यम की जीडीपी अगले दशक में 7.1 प्रतिशत सालाना बढ़ेगी**

**नई दिल्ली ।**

एक नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार भारतीय छोटे शहरों के तेज विकास से साल 2033 तक टियर 2 और टियर 3 शहर के बाजारों में लगभग 24 मिलियन नए रोजगार के अवसर उत्पन्न होने की संभावना है। इसका 75 प्रतिशत हिस्सा पुरुष और 25 प्रतिशत हिस्सा महिलाएं होंगी। विश्व यात्रा और पर्यटन परिषद का अनुमान है कि भारत में पर्यटन उद्यम की जीडीपी अगले दशक में 7.1 प्रतिशत सालाना बढ़ेगी। वर्तमान में पर्यटन और आतिथ्य सेक्टर देश में रोजगार का लगभग 8 प्रतिशत योगदान करता है। रिपोर्ट के मुताबिक क्षेत्रीय खर्च 2034 तक 1.2 गुना बढ़ने की संभावना है और इससे देश में कुशल कार्यबल की मांग और अधिक बढ़ेगी। महामारी के प्रभाव के बाद अधिक कनेक्टिविटी और धार्मिक पर्यटन की लोकप्रियता के कारण टियर 2 और 3 शहर अब पर्यटन के प्रमुख केंद्र बन रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2028 तक, इस क्षेत्र से 59 बिलियन डॉलर का राजस्व उत्पन्न होने की उम्मीद है और 2030 तक अस्थायी और स्थायी नौकरियां सृजित होंगी। धार्मिक पर्यटन केंद्र जैसे अयोध्या, वाराणसी, हरिद्वार और मथुरा इस वृद्धि का नेतृत्व कर रहे हैं। आगे बढ़ रहे शहरों में लखनऊ, जयपुर, कोच्चि और ऋषिकेश भी हैं। इन शहरों में नए ट्रेंड्स जैसे डेस्टिनेशन वेडिंग, एडवेंचर स्पोर्ट्स, इकोटूरिज्म और सांस्कृतिक पर्यटन भी उभर रहे हैं। इस क्षेत्र के विकास के लिए टूर गाइड, होटल स्टाफ और स्थानीय कारीगरों को अच्छे से प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार गत दिवस की भारी गिरावट से उबरते हुए मंगलवार को बढ़त पर बंद हुआ । सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी रहने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसक्स 535.24 अंक करीब 0.71 फीसदी की बढ़ोतरी लेकर 76,190.46 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (निफ्टी ) भी अंत में 128.10 अंक तकरीबन 0.56 फीसदी ऊपर आकर 22,957.25 पर बंद हुआ। आज निफ्टी के 28 स्टॉक्स लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। सबसे ज्यादा बढ़त बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, श्रीराम फाइनेंस, बजाज फिनसर्व और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में रही। इनकी बढ़त 4.32 फीसदी तक रही जबकि सन फार्मा, हिंदाल्को, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और ग्रासिम के स्टॉक्स गिरावट के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए, जिनकी गिरावट 4.24 फीसदी तक रही।

बड़ी कंपनियों के बाजारों में मिडकैप 100 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स में 0.51 फीसदी और 1.81 फीसदी की गिरावट रही। सेक्टोरल मार्केट में आज बैंकिंग शेयरों ने अच्छा प्रदर्शन किया। निफ्टी बैंक, पीएसबी (पब्लिक सेक्टर बैंक) और प्राइवेट बैंक इंडेक्स एक फीसदी से ज्यादा बढ़त के साथ बंद हुए। इसके अलावा, निफ्टी रियल्टी इंडेक्स 2 फीसदी से ज्यादा बढ़ा, जबकि निफ्टी वित्तीय सेवाओं और वाहन इंडेक्स 1 फीसदी से अधिक बढ़त के साथ बंद हुए। निफ्टी एफएमसीजी आईटी फार्मा, हेल्थकेयर और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स इंडेक्स गिरावट पर बंद हुए। इसमें 2.12 फीसदी तक गिरावट रही।

सेंसेक्स के शेयरों में, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, जोमैटो, इंडसइंड बैंक, मारुति सुजुकी इंडिया और भारती एयरटेल के शेयरों में बढ़त रही। वहीं, सन फार्मास्युटिकल, लार्सन एंड टुब्रो, आईटीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एनटीपसी, पावर ग्रिड, नेस्ले इंडिया, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एशियन पेंट्स के शेयरों में गिरावट रही।




एशियाई बाजारों की बात करें तो जापान के टोक्यो का बाजार गिरावट पर रहा जबकि हांगकांग के बाजार में तेजी रही। सियोल और शंघाई के बाजार छुट्टियों के कारण बंद रहे। यूरोपीय बाजारों ने शुरुआती सत्र में बढ़त दर्ज की। ब्रिटेन का एफटीएसहई 100 इंडेक्स 0.55फीसदी, जर्मनी का डीएएक्स 0.44 फीसदी और पेरिस का सीएसी 40 0.33 फीसदी की बढ़त पर थे। वहीं अमेरिकी बाजार गत दिवस गिरावट के साथ बंद हुए थे। इससे पहले आज सुबह बढ़त के साथ शेयर बाजार की शुरुआत हुई। सेंसेक्स 370.49 अंकों की बढ़त के साथ 75,736.66 पर कारोबार करता नजर आया, जबकि निफ्टी50 106.10 अंकों की बढ़त के साथ 22,935.25 पर कारोबार करता दिखा।

# मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में बिना लॉक-इन और एग्जिट चार्ज के निवेश का मौका

**- निवेशक कभी भी अपने पैसे निकाल सकते हैं, कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा**

**नई दिल्ली ।**


यूटीआई म्यूचुअल फंड ने अपना नया ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम 'यूटीआई निफ्टी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग इंडेक्स फंड - रेगुलर प्लान' लॉन्च किया है। यह फंड निफ्टी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग टीआरआई को ट्रैक करता है, जो भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की कंपनियों का प्रदर्शन दर्शाता है। इसका उद्देश्य इंडेक्स की परफॉर्मेंस के अनुसार रिटर्न देना है, हालांकि ट्रैकिंग एरर के चलते कुछ अंतर हो सकता है। यह न्यू फंड ऑफर 28 जनवरी को लॉन्च हो गया और 10 फरवरी 2025 को बंद हो जाएगा। इस स्कीम की खासियत यह है कि इसमें कोई लॉक-इन पीरियड नहीं है और न ही एग्जिट लोड लगेगा। इसका मतलब है कि निवेशक कभी भी अपने पैसे निकाल सकते हैं, और इसके लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा। एनएफओ और प्लान्स में मिनिमम इन्वेस्टमेंट 1,000 रुपए है, जिसके बाद 1 रुपए के मल्टीपल्स में इन्वेस्टमेंट किया जा सकता है। फोलियो में दोबारा इन्वेस्टमेंट के लिए भी मिनिमम अमाउंट 1,000 रुपए है और 1 रुपए के मल्टीपल्स में आगे इन्वेस्ट किया जा सकता है। मैक्सिमम इन्वेस्टमेंट की कोई लिमिट नहीं है। यूनिट्स का अलॉटमेंट एप्लिकेबल स्टांप ड्यूटी और ट्रांजैक्शन चार्जेज डिडक्ट करने के बाद ही किया जाएगा। एसआईपी (सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के ऑप्शन्स में डेली, वीकली और मंथली एसआईपी के लिए मिनिमम अमाउंट 500 रुपए है, जबकि क्वार्टरली एसआईपी के लिए 1,500 रुपए तय की गई है। दोनों ही केसेस में 1 रुपए के मल्टीपल्स में इन्वेस्टमेंट पॉसिबल है।

# भारत में क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल में जोरदार बढ़ोतरी

**नई दिल्ली ।**

भारतीय रिजर्व बैंक की नवीन रिपोर्ट के मुताबिक क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल में भारत में जोरदार बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पिछले पांच सालों में क्रेडिट कार्ड की संख्या दोगुनी से भी ज्यादा होकर लगभग 10.80 करोड़ हो गई है। डिजिटल भुगतान में भी भारत में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। कैलेंडर वर्ष 2013 में 222 करोड़ डिजिटल लेन-देन होते थे, जो कैलेंडर वर्ष 2024 में 20,787 करोड़ से अधिक हो गए। भारत में डिजिटल भुगतान की मात्रा में 45.9 प्रतिशत व मूल्य में 10.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इस बढ़े हुए इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ पेमेंट सिस्टम और छूटी कार्ड में रूपये की वृद्धि बना रहता है। आरबीआई ने यूपीआई को दूसरे देशों की फास्ट पेमेंट सिस्टम से जोड़ने की कई कोशिशें की हैं, जिससे सीमा पार रेमिटेंस पेमेंट को बढ़ाया जा सके। भूटान, फ्रांस, मॉरीशस, नेपाल, सिंगापुर, श्रीलंका और यूएई में क्यूआर कोड के माध्यम से भारतीय यूपीआई ऐप का इस्तेमाल करके व्यापारियों को भुगतान सक्षम किया गया है। इनोवेशन और रेगुलेटरी सपोर्ट के साथ भारत का पेमेंट सिस्टम दुनिया भर में सबसे आधुनिक में से एक बन गया है। केंद्रीय बैंक के डिप्टी गवर्नर टी. रबी शंकर ने कहा कि भुगतान क्षेत्र में इनोवेशन को प्रोत्साहित करना बैंक की नीति है।

# फेडरल बैंक का मुनाफा तीसरी तिमाही में पांच प्रतिशत घटा




**नई दिल्ली ।** निजी क्षेत्र के फेडरल बैंक का मुनाफा चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में पांच प्रतिशत घटकर 955 करोड़ रुपये रह गया। एक साल पहले इसी तिमाही में बैंक ने 1,007 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया था। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक समीक्षाधीन तिमाही के दौरान बैंक की कुल आय बढ़कर 7,725 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 5,593 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में ब्याज आय भी बढ़कर 6,809 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 5,730 करोड़ रुपये थी। परिसंपत्ति गुणवत्ता के मोर्चे पर, बैंक का सकल एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्ति) सालाना आधार पर 2.29 प्रतिशत से सुधरकर 1.95 प्रतिशत हो गया। इसी तरह शुद्ध एनपीए 0.64 प्रतिशत से घटकर 0.49 प्रतिशत हो गया।

# अंडर-19 विश्व कप : तृषा की शतकीय पारी, भारत ने स्कॉटलैंड को 150 रन से रौंदा

## तृषा अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप में शतक लगाने वाली पहली खिलाड़ी बनी

**कुआलालंपुर (एजेंसी)।** सलामी बल्लेबाज तृषा गोंगाडी ने अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का पहला शतक जड़कर इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज कराया जिससे भारत ने मंगलवार को यहां स्कॉटलैंड को 150 रन से करारी शिकस्त दी। सलामी बल्लेबाज तृषा ने 59 गेंद की नाबाद पारी में 13 चौके और चार छक्के की मदद से 110 रन की पारी खेली। उन्होंने पहले विकेट के लिए कमालिनि जी (42 गेंद में 51 रन) के साथ 147 रन की साझेदारी करने के बाद सानिका चालके (20 गेंद में नाबाद 29 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 61 रन की अटूट साझेदारी की।

भारत ने ग्रुप एक के इस मैच में 20 ओवर में एक विकेट पर 208 रन बनाने के बाद स्कॉटलैंड को 14 ओवर में 58 रन पर आउट कर दिया। स्कॉटलैंड के लिए सलामी बल्लेबाज पिप्पा केली (12) और एम्मा वालसिंघम (12) शीर्ष स्कोरर रहीं। बायें हाथ की स्पिनर आयुषी शुक्ला (आठ रन पर चार विकेट) की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों ने स्कॉटलैंड को मैच में वापसी का कोई मौका नहीं दिया। वैष्णवी शर्मा ने पांच रन पर तीन विकेट लिये जबकि बल्ले से कमाल करने वाली तृषा ने छह रन देकर तीन बल्लेबाजों को चलता किया।

ग्रुप के अन्य मैच में बांग्लादेश ने अपने अभियान का अंत सुपर सिक्स चरण में वेस्टइंडीज पर 10 विकेट की जीत के साथ किया। वेस्टइंडीज को छह विकेट पर 54 रन पर रोकने के बाद बांग्लादेश ने जुएरिया फिरदौस के नाबाद 25 रन की मदद से 13 ओवर में जीत दर्ज की। इस जीत से टीम ग्रुप एक में तीसरे स्थान पर रही। ग्रुप दो में बारिश के कारण दक्षिण अफ्रीका और अमेरिका का मैच शुरू हुए बिना रद्द हो गया। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। इस मैच से एक अंक मिलने के बाद अमेरिका ग्रुप तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया।



# दिनेश कार्तिक ने धोनी को पछाड़ा, सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विकेटकीपर बने



**स्पोर्ट्स डेस्क।** पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक जो वर्तमान में SA20 2025 में पार्ल रॉयल्स के लिए खेल रहे हैं, ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। 39 वर्षीय कार्तिक 27 जनवरी को डरबन सुपर जायंट्स के खिलाफ 15 गेंदों पर 21 रन बनाकर टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय विकेटकीपर बन गए।

कार्तिक ने अब टी20 में 361 पारियों में 7,451 रन बनाए हैं और इस तरह उन्होंने भारत के दिग्गज विकेटकीपर एमएस धोनी को पीछे छोड़ दिया है जिन्होंने अब तक 342 पारियों में 7,432 रन बनाए हैं। धोनी के पास आगामी आईपीएल सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए इस रिकॉर्ड को फिर से अपने नाम करने का मौका होगा।

कार्तिक अब टी20 में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले भारतीय विकेटकीपरों में सबसे आगे हैं, लेकिन आईपीएल में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले विकेटकीपरों का रिकॉर्ड अभी भी धोनी के नाम है। लीग में धोनी के नाम 5,125 रन हैं और दूसरे नंबर पर कार्तिक हैं जिनके नाम 4,463 रन हैं।

एसए20 में कार्तिक की टीम पार्ल रॉयल्स ने मौजूदा सीजन में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अब तक अपने 8 में से 7 मैच जीते हैं और फिलहाल 28 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं। दिलचस्प बात यह है कि पार्ल रॉयल्स हाल ही में फ्रैंचाइजी क्रिकेट में पहली ऐसी टीम भी बनी है जिसने अपने सभी ओवर केवल स्पिनरों से ही कराए।

# आजकल घरेलू क्रिकेट से लय हासिल कर रहे शुभमन

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** युवा बल्लेबाज शुभमन गिल पिछले कुछ समय से अपनी नाम के अनुरुप बल्लेबाजी नहीं कर पा रहे हैं। इसी को लेकर शुभमन का कहना है कि वह कई बार बेहतर प्रदर्शन करने को लेकर जरुरत से ज्यादा दबाव ले लेते हैं। शुभमन आजकर रणजी ट्रॉफी में अपनी बल्लेबाजी को निखारने में लगे हैं। शुभमन ने कर्नाटक के खिलाफ शानदार शतक लगाकर अपनी टीम को बेहतर स्थिति में भी पहुंचाया।



इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उनका प्रदर्शन खराब रहा था। वह 5 पारियों में 18.60 के खराब औसत से 93 रन ही बना पाए थे। अपनी फार्म को लेकर शुभमन ने कहा कि मुझे लगता है कि जिस तरह से मैंने खेला, रणजी की पारी मेरे लिए बहुत संतोषजनक थी। मुझे लगता है कि हम किसी भी स्तर पर कोई भी पारी खेलें, रन बनाने, फॉर्म में वापस आने और वैसा महसूस करने में सक्षम होना बहुत महत्वपूर्ण है। जब आप उस क्षेत्र में रहते हुए अच्छा खेल रहे हों, तो उसमें बने रहना महत्वपूर्ण है वह क्षेत्र जितना संभव हो सके उतना लंबा था और जब मैं वहां बल्लेबाजी कर रहा था तो मैं यही करने की कोशिश कर रहा था।

हालांकि वह अभी भी टेस्ट क्रिकेट में अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हैं, उनका कहना है कि बड़ा स्कोर बनाने का दबाव बहुत अधिक हो जाता है और इससे उनका ध्यान और एकाग्रता खो जाती है। उन्होंने अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने की क्षमता पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कभी-कभी, मुझे लगता है कि लाल गेंद से मैं जो मैच खेलता हूं उनमें मुझे बहुत अच्छे 25-30 रन मिलते हैं। उन्हें बड़े स्कोर में बदलने के लिए कई बार मैं अपने ऊपर बहुत अधिक दबाव ले लेता हूं। मैं इस तरह से अपना खेल खेलते हुए बड़ा नहीं हुआ हूं। शुभमन का 32 टेस्ट और 59 पारियों के बाद टेस्ट औसत सिर्फ 35.05 है। उन्होंने अपने करियर में 5 शतक, 7 अर्धशतक और 128 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 1,893 रन बनाए हैं। वहीं अपनी 59 में से 34 टेस्ट पारियों में वह 20 से ज्यादा रन नहीं बना पाए।

# जसप्रीत बुमराह ने जीता 'सर गारफील्ड सोबर्स' अवॉर्ड, आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 बनाकर रचा नया कीर्तिमान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के बेहतरीन गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने सर गारफील्ड सोबर्स अवॉर्ड जीतकर नया कीर्तिमान रचा है। उन्होंने आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 बनाकर नया कार्तिमान रच दिया। वह प्रतिष्ठित सर गारफील्ड सोबर्स अवॉर्ड जीतने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए हैं। बुमराह ने पिछले साल कमाल का प्रदर्शन किया। उन्होंने 2024 में सबसे ज्यादा 86 विकेट अपने नाम किए। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 71 विकेट झटके। उन्होंने 2024 का आईसीसी पुरुष टेस्ट क्रिकेट ऑप द ईयर पुरस्कार भी अपने नाम किया है। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रैविस हेड, इंग्लैंड के दिग्गज जो रूट और युवा क्रिकेटर हैरी ब्रूक को पछाड़ा है। ये ट्रॉफी एक साल में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले क्रिकेटर को दी जाती है। पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड का नाम दुनिया के महान क्रिकेटर्स में से एक गारफील्ड सोबर्स के नाम पर रखा गया है। वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर को को गैरी सबोर्स के नाम से भी जाना जाता है। जसप्रीत बुमराह से पहले भारत के लिए राहुल द्रविड़ के अलावा सचिन तेंदुलकर, रवि अश्विन और विराट कोहली ने प्रतिष्ठित सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार जीता है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को विराट कोहली ने 2 बार जीता। लेकिन ये पहली बार हुआ है जब किसी भारतीय तेज गेंदबाज ने सर गारफील्ड सोबर्स पुर्सकार जीता हो। बता दें कि, सर गारफील्ड पुरस्कार जीतने वाले पहले भारतीय राहुल द्रविड़ हैं। राहुल द्रविड़ को सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार 2024 से नवाजा गया था। इसके बाद सचिन तेंदुलकर को सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार 2010 से सम्मानित किया गया। वहीं रवि अश्विन ने साल 2026 में सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार अपने नाम किया। जबकि विराट कोहली ने लगातार 2 साल 2017 और 2018 में ये अवॉर्ड अपने नाम किया।



## रोहित , यशस्वी ओर श्रेयस अब रणजी मुकाबले नहीं खेलेंगे

मुंबई। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा के अलावा यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर रणजी ट्रॉफी के बाकि मैचों में नहीं खेलेंगे। इन तीनो को आगामी चैम्पियंस ट्रॉफी की तैयारियों को देखते हुए रणजी ट्रॉफी से रिलीज कर दिया गया है। रोहित एकदिवसीय और चैम्पियंस ट्रॉफी में उतरने वाली भारतीय टीम के कप्तान हैं। वहीं यशस्वी और अय्यर भी इस टीम का हिस्सा हैं। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के एक अधिकारी ने कहा कि अब ये तीनो ही भारतीय टीम से जुड़ेंगे। रोहित पिछले काफी समय से लय में नहीं हैं। मुम्बई की ओर से खेले एकमात्र रणजी मैच में भी वह उन बनाने में असफल रहे। न्यूजीलैंड के खिलाफ धरेलू सीरीज के बाद ऑस्ट्रेलिया दौरे में भी उनका बल्ला खामोश रहा था। इसेक बाद से ही वह आलोचन शिकार हुए थे। ऑस्ट्रेलिया में तीन मैचों में वह 31 रन ही बना पाए। रोहित को कुछ दिग्गज खिलाड़ियों ने टीम से बाहर किये जाने को कहा था। रोहित ऑस्ट्रेलिया में अंतिम टेस्ट से स्वयं ही बाहर हो गये थे और उनके इस फैसले की सभी ने तारीफ की थी।

# नेमार के साथ अनुबंध आपसी सहमति से समाप्त कर दिया गया : अल–हिलाल क्लब

रियो दि जिनेरियो। सऊदी अरब के क्लब अल–हिलाल ने कहा है कि उसकी स्ट्राइकर नेमार के साथ आपसी सहमति से अनुबंध समाप्त करने के लिए सहमति बनी है। किसी भी पक्ष ने अनुबंध समाप्त करने के विवरण की पुष्टि नहीं की। कभी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक माने जाने वाले ब्राजील के 32 वर्षीय नेमार ने क्लब के लिए केवल सात मैच खेले जिसमें उन्होंने केवल एक गोल किया और दो गोल करने में मदद की। एसीएल (पैर की चोट) चोट के कारण अक्टूबर 2023 से बाहर रहने के बावजूद बार्सीलोना और पेरिस सेंट जर्मेन टीम के पूर्व खिलाड़ी नेमार को पिछले सत्र में सऊदी लीग जीतने वाली टीम में शामिल किया गया था। इस साल के फीफा क्लब विश्व कप में अल–हिलाल के हिस्सा लेने के बाद नेमार के साथ उनका करार समाप्त होने वाला था। क्लब विश्व कप 15 जून से 13 जुलाई के बीच अमेरिका में खेला जाएगा। क्लब ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया चैनलों पर प्रकाशित एक बयान में कहा कि वह नेमार के प्रति आभार व्यक्त करता है और उनकी प्रशंसा करता है। स्ट्राइकर नेमार अगस्त 2023 में पेरिस सेंट जर्मेन से सऊदी क्लब में नौ करोड़ यूरो (नौ करोड़ 40 लाख डॉलर) में शामिल हुए। यह उन कई करार मेंसे एक था जिसने अरब देश को दुनिया के नए बड़े फुटबॉल बाजारों में से एक बना दिया। लेकिन नेमार को अपने करियर की सबसे गंभीर एसीएल चोट लग गई जब वह अल–हिलाल में शामिल होने के कुछ ही महीनों बाद ब्राज़ील के लिए खेल रहे थे।



# कोंस्टास नहीं हेड करेंगे श्रीलंका के खिलाफ पारी की शुरुआत : स्मिथ

गॉल। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम की कप्तानी कर रहे स्टीव स्मिथ ने कहा है कि बुधवार से मेजबान श्रीलंकाई टीम के खिलाफ शुरू हो रहे पहले टेस्ट मैच में सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के साथ ट्रेविस हेड पारी की शुरुआत करेंगे। वहीं पहले माना जा रहा था कि युवा सैम कोंस्टास ख्वाजा के जोड़ीदार के तौर पर उतरेंगे। स्मिथ ने कहा कि पिच की लगातार बदलती प्रकृति के कारण वह अभी तक अंतिम ग्यारह खिलाड़ियों को लेकर फैसला नहीं कर पाये हैं। कोंस्टास ने बॉडर गावस्कर सीरीज में अपने पहले दो टेस्ट मैचों में अच्छी बल्लेबाजी की थी। साल 2023 में ऑस्ट्रेलिया के भारत दौरे के अंतिम दो टेस्ट मैचों में चोटिल सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर की जगह उतरते हुए हेड ने जिस प्रकार को प्रदर्शन किया था उससे वह सलामी बल्लेबाज के तौर पर स्थापित हो गये थे। स्मिथ ने अंतिम प्री–टेस्ट प्रशिक्षण सत्र से पहले कहा, ट्रैविस शीर्ष पर जाएगा, मुझे लगता है कि इसके अलावा यह काफी स्थिर रहेगा। मुझे नहीं लगता कि टीम में बहुत ज़्यादा बदलाव होगा। चयनकर्ताओं को भारत में जो कुछ देखने को मिला, वह उन्हें पसंद आया, जब भी हेड को अवसर मिला। वह नई गेंद के पीछे गया, तेज़ी से रन बनाए और गेंदबाजों पर दबाव बनाया, इसलिए मुझे लगता है कि यहां भी यही सोच रहेगी है। अभी ये तय नहीं है कि कोंस्टास मध्य–क्रम बल्लेबाज के रूप में उतरेंगे। मध्य–क्रम की खाली जगह के लिए उनका मुकाबला नाथन मैकस्वीनी और जोश इंगलिस से हैं।



# पार्ल रॉयल्स की एसएक20 में रिकॉर्ड जीत, डरबन्स सुपर जाइंट्स बाहर

**पार्ल (एजेंसी)।** पार्ल रॉयल्स ने एसएक20 लीग में डरबन्स सुपर जाइंट्स (डीएसजी) को छह विकेट से हराकर घरेलू मैदान पर सभी पांच मैच जीतने का नया रिकॉर्ड बनाया। यह पहली बार है जब प्रतियोगिता के लीग चरण में कोई टीम घरेलू मैदान पर अजेय रही है। डीएसजी की टीम प्रतियोगिता से बाहर हो गई है क्योंकि पिछले सत्र की उप विजेता टीम अब प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकती।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे सुपर जाइंट्स ने 33 रन तक तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन मार्कस स्टोइनिस (नाबाद 55) के नाबाद अर्धशतक और केन विलियमसन (45) के साथ उनकी 53 रन की साझेदारी की बदौलत टीम सात विकेट पर 143 रन बनाने में सफल रही। रॉयल्स की ओर से ब्योर्न फोरटुइन ने 20 जबकि क्वेन मफाका ने 22 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए।

रॉयल्स ने इसके जवाब में रूबिन हरमन की 59 रन की पारी और हुआन ड्रे-प्रिटोरियस (43) के साथ उनकी दूसरे विकेट की 91 रन की साझेदारी से 19.5 ओवर में चार विकेट पर 147 रन बनाकर जीत दर्ज की। इस जीत से रॉयल्स की टीम आठ मैच में सात जीत से 28 अंक के साथ अंक तालिका के शीर्ष पर बरकरार है। डीएसजी की टीम नौ मैच में सिर्फ एक जीत से आठ अंक के साथ अंतिम पायदान पर है।



# श्रीलंका के खिलाफ इस प्रकार के बदलावों के साथ उतरेंगे : हेड

**कोलंबो (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के के उप-कप्तान ट्रैविस हेड ने कहा है इस माह के अंत में श्रीलंका दौरे में उनकी टीम इस प्रकार के बदलावों के साथ उतरेगी। दोनो ही टीमों के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज 29 जनवरी से गॉल शुरु होगी। इस सिरीज से पैट कमिंस के बाहर होने के कारण अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ टीम की कप्तानी करेंगे। हेड ने कहा, मुझे नहीं पता कि मैं इस समय किस क्रम पर बल्लेबाजी करने जा रहा हूं। हम देखेंगे कि अगले कुछ दिनों में विकेट कैसा रहता है। हम इंतजार करेंगे और देखेंगे कि क्या बदलाव आते हैं। मुझे लगता है कि हमारी टीम में शामिल खिलाड़ी काफी अनुभवी है और इसमें कुछ बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं जो विभिन्न भूमिकाओं और विभिन्न हालातों में ढ़ल सकते हैं, हम अलग-अलग लोगों को शामिल कर सकते हैं। ये सवाल उठ रहा है कि ऑस्ट्रेलिया को पारी की शुरुआत के लिए इस सीरीज में उस्मान ख्वाजा के साथ युवा सैम कोंस्टास को भेजना ठीक रहेगा या नहीं इसी को लेकर हेड ने कहा, हम बस इतना करने का प्रयास कर रहे हैं कि टेस्ट मैच जीतने के लिए क्या लचीलापन हो सकता है और उसी पर ध्यान देंग। इस समय बहुत से लोग जानना है रहे है कि मैं कहां बल्लेबाजी कर सकता हूं, पर ये हालातों पर आधारित रहेगा। ये सभी खिलाड़ियों के साथ होगा। मुझे लगता है कि यह टीम काफी अनुभवी है और एक बेहतरीन स्थिति में है, जहां खिलाड़ी जरूरत पड़ने पर हर जगह पर उतरने के लिए तैयार रहेंगे। हम इंतजार करेंगे और देखेंगे। ऑस्ट्रेलिया ने जब 2022 में श्रीलंका का दौरा किया था तब हेड ने तीन पारियों में बल्ले से सिर्फ 7.66 का औसत बनाया था और उन्हें नागपुर में भारत के खिलाफ शुरुआती टेस्ट से बाहर रखा गया था। लेकिन वह भारत में अगले तीन टेस्ट में 47 का औसत बनाने में सफल रहे जिसमें इंदौर में मैच जीतने वाली पारी भी शामिल है। अब श्रीलंका लौटने पर हेड ने कहा कि 2022 की तुलना में अब वह एक बदले हुए बल्लेबाज हैं। हेड ने कहा, मैं पिछली बार यहां और पाकिस्तान में थोड़े बदलाव से गुजरा था। मैंने थोड़ा और पारंपरिक खेलने का प्रयास किया। वह भारतीय सीरीज ऐसी थी जो एक या दूसरे तरीके से जा सकती थी। मैं अच्छा नहीं खेलता, और शायद मैं फिर कभी उपमहाद्वीप का दौरा न देखूं। या मैं वहां जाकर वही करूं जो मैं पिछले कुछ सालों से कर रहा हूं और थोड़ा अधिक आराम से खेलूं और इस बारे में चिंता न करूं कि परिणाम क्या हो सकता है।



# आईपीएल में गलत टीम से खेले डिविलियर्स : मांजरेकर




मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर अपने विवादित बयानों के कारण चर्चओं में बने रहते हैं। अब उन्होंने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज रहे एबी डिविलियर्स ने आईपीएल में गलत टीम से खेला था। डिविलियर्स ने शुरुआत में दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए आईपीएल में तीन सत्र खेले थे। वहीं 2011 की आईपीएल मेगा ऑक्शन में वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में शामिल हुए और 2021 में अपने करियर को अलविदा कहने तक उसकी ओर से ही खेलते रहे। डिविलियर्स ने 184 आईपीएल मैचों में 5162 रन बनाए लेकिन कभी टीम को आईपीएल खिताब नहीं जिता पाये। उन्होंने 2011 और 2016 में आरसीबी के साथ आईपीएल फाइनल खेला पर दोनों बार टीम हार गयी। 14 साल के अपने आईपीएल करियर में खिताब न जीतने के बावजूद डिविलियर्स आईपीएल में खेलने वाले सबसे बड़े क्रिकेटरों में से एक हैं। मांजरेकर के अनुसार डिविलियर्स का आरसीबी ने सही तरीके से उपयोग नहीं किया। मांजरकेर का कहना है कि डिविलियर्स को टॉप आर्डर में आना चाहिए था और उन्होंने यह भी कहा कि एबी ने गलत फ्रेंचाइजी के लिए खेला।

# आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी के टिकटों की ऑनलाइन बिक्री शुरु होने की घोषणा की

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की घोषणा के बाद ही 19 फरवरी से होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए टिकटों की ऑनलाइन बिक्री शुरु हो गयी है। प्रशंसकों को टिकटों के लिए आईसीसी की अधिकारिक वेबसाइट पर पहले पंजीकरण करना होगा। आईसीसी के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी अनुराग दहिया ने कहा, 'हम आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए आधिकारिक टिकटों की बिक्री की घोषणा शुरु करने को लेकर उत्याहित हैं। आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सबसे कम कीमत का टिकट 1000 पाकिस्तानी रुपए (लगभग 310 भारतीय रुपये) रखा है जबकि 'प्रीमियम सीटिंग टिकट की सबसे कम कीमत कीमत 1500 पाकिस्तान रुपए (लगभग 465 भारतीय रुपये) रहेगी। 9 मार्च को आयोजित होने वाले फाइनल का टिकट दुबई में खेले जाने वाले पहले सेमीफाइनल के समापन के बाद खरीदने के लिए उपलब्ध होगा। चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल के आधार पर कर रहा है। इसमें भारतीय टीम के मुकाबले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होंगे। पाकिस्तान चरण के लिए टिकटों की बिक्री आज शुरु हुई पर अभी तक मेजबान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) स्टेडियमों का नवीनीकरण कार्य तक पूरा नहीं करा पाया है। पाकिस्तान को 30 जनवरी को स्टेडियमों को आईसीसी को सौपना है पर कराची, लाहौर और रावलपिंडी के ये आयोजन स्थल अब तक पूरी तरह से तैयार नहीं हुए हैं। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम के मैच दुबई में खेले जाएंगे और उनके लिए टिकटों की ब्रिकी अभी शुरु नहीं हुई है। वहीं पीसीबी ने इस खबरों को गलत बताया है जिसमें कहा गया है कि रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम, लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम और कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम में निर्माण कार्य में देरी के कारण इस स्थलों पर होने वाले मैच देश से बाहर कराये जाएंगे।

# आईसीसी पर भड़के चैपल , मजबूत बोर्ड अपने अनुसार कार्यक्रम तैयार करा रहे

### –दो–स्तरीय प्रणाली अब तक लागू हो जानी चाहिये थी


**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के कामकाज के तरीके की कड़ी आलोचना की है। चैपल ने कहा कि आईसीसी क्रिकेट को बढ़ावा देने की जगह पर एक एक 'इवेंट मैनेजमेंट कंपनी की तरह काम कर रही है। चैपल के अनुसार आईसीसी की इसी कमजोरी का लाभ उठारक आर्थिक रूप से मजबूत बोर्ड अपने अनुसार कार्यक्रम तैयार कर रहे हैं पर इससे टेस्ट क्रिकेट को नुकसान हो रहा है। चैपल का यह भी मानना है कि टेस्ट क्रिकेट के लिए अब तक दो-स्तरीय प्रणाली लागू कर देंनी चाहिए थी पर ऐसा नहीं हुआ है। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि खेल के पारंपरिक प्रारूप को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए अन्य अहम कदम भी उठाए जाने चाहिए थे पर आईसीसी ने अब तक ऐसा कुछ नहीं किया है।

चैपल ने कहा कि द्विस्तरीय टेस्ट प्रणाली को लेकर वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाजी चैंपियन माइकल होल्डिंग ने कहा था, अपनी सभी गलतियों के बावजूद फीफा कम से कम फुटबॉल का संचालन तो ठीक से करता है पर आईसीसी ऐसा नहीं कर रहा। उन्होंने कहा कि इससे खेल में मुशिलें आ रही हैं। आईसीसी क्रिकेट का सही से संचालन नहीं करती है और जब तक उसकी सोच में बदलाव नहीं आता है तब तक आर्थिक रूप से संपन्न देश अपने स्वार्थ के लिए उसके जरिये कार्यक्रम तैयार करते रहेंगे।

चैपल ने हालांकि माना की भारत से क्रिकेट की आय में लगभग 70 प्रतिशत का योगदान होता है और आईसीसी में उसकी मजबूत उपस्थिति इस योगदान के कारण ही है। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट को दो भागों में विभाजित करने की जरुरत है। जिससे भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी बड़ी टीमों को एक दूसरे के खिलाफ अधिक मैच खेलने के अवसर मिलेंगे। ऑस्ट्रेलिया के बेहतरीन कप्तानों में से एक चैपल का मानना है कि कुछ मानदंडों के साथ टीमों के लिए शीर्ष श्रेणी में आने और निचली श्रेणी में फिसलन की प्रणाली होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली काफी पहले ही लागू हो जानी चाहिए थी क्योंकि कुछ टीमें ही पांच दिवसीय प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हैं। चैपल ने इसके साथ ही कहा कि अफगानिस्तान और आयरलैंड जैसे देशों को टेस्ट दर्जा नहीं दिया जाना चाहिए था लेकिन स्वार्थवश यह कदम उठाया गया।



समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# हम अकबर औरंगजेब के बारे में पढ़ते हैं लेकिन...

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने हाल ही में एक इंटरव्यू में इतिहास की किताबों में सुधार की जरूरत पर जोर दिया। वह अपनी नई फिल्म स्काई फोर्स के प्रमोशन के दौरान इस मुद्दे पर बात कर रहे थे। अक्षय ने कहा कि इतिहास की किताबों में भारतीय सैनिकों की वीरता की कहानियों को भी शामिल किया जाना चाहिए, क्योंकि अक्सर हमें अकबर और औरंगजेब जैसी शख्सियतों के बारे में पढ़ने को मिलता है, लेकिन हमारे असली नायक, जिनकी बहादुरी ने देश को बचाया है, उनकी कहानियां नदारद रहती हैं।

### जानबूझकर चुनता हूं ऐसी कहानियां

एक इंटरव्यू के दौरान अक्षय ने कहा, हमारी किताबों में बहुत सारी चीजें नहीं हैं। मैं जानबूझकर उन किरदारों को चुनता हूं जो हमारी किताबों का हिस्सा नहीं हैं। मैं यही करना चाहता हूं। ये सभी अनजाने नायक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि लोग इन नायकों के बारे में इसलिए नहीं जानते, क्योंकि कोई भी इनकी कहानी को गहराई से नहीं खोजता। अक्षय ने कहा, मैं इस प्रकार के किरदारों को चुनता हूं, क्योंकि ये कहानियां बहुत महत्वपूर्ण हैं।

### इतिहास की किताबों में सुधार की जरूरत


अक्षय ने आगे कहा, इतिहास की किताबों में कई चीजें सुधारने की जरूरत है। हमें अकबर और औरंगजेब के बारे में तो पढ़ने को मिलता है, लेकिन हमारे खुद के नायकों के बारे में नहीं। इनका नाम भी किताबों में होना चाहिए। अभिनेता ने उन बहादुर सैनिकों का भी उल्लेख किया, जिन्हें परम वीर चक्र जैसे सम्मान मिले हैं। उन्होंने कहा कि उनकी साहसिक कहानियों को भी महत्व देना चाहिए। अक्षय ने कहा हमारे पास सेना से जुड़ी बहुत सारी कहानियां हैं, जिनमें से कई सैनिकों को परम वीर चक्र मिला है। मुझे लगता है कि इतिहास को ठीक करने की जरूरत है। साथ ही, ऐसे ही नायकों की कहानियां नई पीढ़ी को बताई जानी चाहिए।

### केओ आहूजा के किरदार में दिखेंगे अक्षय

फिल्म स्काई फोर्स में अक्षय कुमार विंग कमांडर केओ आहूजा का किरदार निभा रहे हैं, जो भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर ओम प्रकाश तनेजा पर आधारित है। 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान ओम प्रकाश तनेजा ने दुश्मन के विमान और रनवे को नष्ट करके वीरता का परिचय दिया था, जिसके लिए उन्हें वीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

### ये सितारे भी फिल्म में हैं मौजूद

फिल्म में अक्षय के साथ वीर पहाडिया, निम्रत कौर और सारा अली खान भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का निर्देशन अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केवलानी ने किया है। यह फिल्म 24 जनवरी को रिलीज होने जा रही है।



# रश्मिका ने बढ़ाई फैंस की टेंशन, क्या 'छावा' के बाद ले लेंगी संन्यास?

रश्मिका मंदाना और विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' का ट्रेलर रिलीज हुआ। सोशल मीडिया पर फिल्म के ट्रेलर ने तहलका मचा दिया। ट्रेलर लॉन्च में नजर आने के बाद अभिनेत्री ने कहा कि वह इस प्रोजेक्ट से इतनी खुश हैं कि वह खुशी-खुशी रिटायर हो सकती हैं।

### मैं रिटायर भी हो सकती हूं

ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान रश्मिका ने फिल्म और अपने किरदार को लेकर अपना अनुभव साझा किया। अभिनेत्री ने इस दौरान फैंस को हैरान करने वाली बात कह दी। फिल्म की प्रशंसा करते हुए रश्मिका ने हंसते हुए कहा, मैं अभी निर्देशक लक्ष्मण सर से बात कर रही थी, मुझे लगता है कि इस रोल के बाद तो मैं रिटायर भी हो सकती हूं। अभिनेत्री ने कहा कि महारानी यसुबाई का किरदार निभाना किसी प्रिविलेज से कम नहीं। फिल्म और इसके ट्रेलर के बारे में और बात करते हुए, रश्मिका ने कहा, इस ट्रेलर को देखकर मेरा दिल भर आया, विक्की ने जो किया उसे देखकरज्वह लगभग भगवान जैसे दिखते हैं...वह छावा हैं। यह अविश्वसनीय है।

### चोटिल पैर के साथ ट्रेलर लॉन्च इवेंट में पहुंचीं अभिनेत्री

रश्मिका हाल ही में जिम में ट्रेनिंग करते हुए चोटिल हो गई थीं। अभिनेत्री 'छावा' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अभिनेत्री अपने चोटिल पैर के साथ पहुंचीं, जिसके बाद वह सुर्खियों में आ गईं। इस दौरान विक्की कौशल ने उन्हें स्टेज पर चढ़ने में मदद की, जिसके बाद फैंस उनकी तारीफ करने लगे।

छावा एक ऐतिहासिक एक्शन फिल्म है, जिसमें विक्की कौशल मुख्य भूमिका में हैं, जो मराठा राजा छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर केंद्रित है। यह फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज की मृत्यु के बाद उनके जीवन की घटनाओं को दर्शाती है। फिल्म में रश्मिका मंदाना ने महारानी येसुबाई की भूमिका निभाई है। उनके अलावा, फिल्म में आशुतोष राणा, दिव्या दत्ता, विनीत कुमार सिंह, डायना पेंटी और कई अन्य कलाकार भी शामिल हैं।

### रश्मिका मंदाना वर्क फ्रंट

रश्मिका मंदाना के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह धनुष और नागार्जुन अक्किनेनी स्टारर 'कुबेर' में भी मुख्य भूमिका निभाने वाली हैं। इसके अलावा वह सलमान खान के साथ 'सिकंदर' में भी नजर आएंगी।



# क्यों साउथ की फिल्में नहीं करना चाहती हैं सामंथा

सामंथा रुथ प्रभु की आखिरी बार विग्नेश शिवन की तमिल फिल्म काथुवाकुला रेंदु काधल में देखा गया था। इसके बाद वह बॉलीवुड वेब सीरीज सिटाडेल हनी बनी में नजर आईं। लेकिन सामंथा को जाने क्या हो गया है कि वह अब साउथ की फिल्में नहीं करना चाहती हैं। हालांकि, उनकी फिल्म रक्त ब्रह्मांड चर्चा में जरूर है। सामंथा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म रक्त ब्रह्मांड को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। सामंथा रूथ प्रभु की पिछले साल सिटाडेल हनी बनी आई थी। इस सीरीज में सामंथा बॉलीवुड अभिनेता वरुध धवन के साथ जमकर एक्शन करती नजर आईं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार एक इंटरव्यू में, सामंथा ने खुलासा किया कि वह अपनी भूमिकाओं को लेकर काफी सेलेक्टिव रही हैं। यही वजह है कि वह ऐसी भूमिकाओं को टाल रही हैं, जो उन्हें चुनौती नहीं देती हैं। सामंथा ने तमिल फिल्में साइन ना करने का कारण बताते बुए कहा, कई फिल्में करना आसान है, लेकिन मुझे लगता है कि मैं अपने जीवन के उस मुकाम पर हूं, जहां हर फिल्म को ऐसा महसूस होना चाहिए कि यह आखिरी है। फिल्म में उस तरह का प्रभाव होना चाहिए। यही वजह है कि मैं खुद को इस तरह क की फिल्म करने के लिए तैयार नहीं कर सकती। सामंथा की आखिरी तमिल फिल्म 2022 की काथुवाकुला रेंडु काधल थी। सामंथा ने द फैमिली मैन 2, सिटाडेल- हनी बनी के साथ कई प्रोजेक्ट पर काम किया है और हाल ही में, वह रक्त ब्रह्मांड में दिखाई देने वाली हैं। सामंथा का कहना है कि इन प्रोजेक्ट में उन्हें कुछ अनोखा करने का मौका मिला। उन्होंने कहा, अच्छे कारण से वे (राज और डीके) ही हैं, जिन्होंने मुझे अधिक से अधिक चुनौतियों की चाहत के साथ बिगाड़ा है। जब मैं हर दिन काम पर जाती हूं, तो एक अभिनेता के रूप में किसी भूमिका को इतना अधिक देना बेहद संतोषजनक होता है। और अगर मुझे हर दिन वह एहसास नहीं होता है, तो मैं काम पर नहीं जाना चाहती।




# क्या सारा अली खान को डेट कर रहे हैं अर्जुन प्रताप बाजवा?

सारा अली खान की लव लाइफ तब से चर्चा में है, जब से उन्होंने सुशांत सिंह राजपूत के साथ केदारनाथ में डेब्यू किया था। पिछले साल उनके अभिनेता और मॉडल अर्जुन प्रताप बाजवा के साथ डेटिंग करने की अफवाह उड़ी थी। उन्हें केदारनाथ में उनके साथ देखा गया था। अब, एक साल बाद अर्जुन ने डेटिंग अफवाहों पर टिप्पणी करते हुए कहा, लोगों को जो लिखना है, वे लिखेंगे।

### डेटिंग की अफवाह पर बोले प्रताप बाजवा

हाल ही में एक साक्षात्कार में अर्जुन ने चल रहीं अफवाहों पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि यह उनका काम है, जबकि वह सिर्फ खुद पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, तो, लोगों को जो भी लिखना है, वे लिखेंगे। यह उनका काम है। वे अपना काम कर रहे हैं। मैं सिर्फ अपने आप पर और मुझे क्या करना है, इस पर ध्यान केंद्रित करता हूं और यह वास्तव में मुझे परेशान नहीं करता है। इस बीच सारा ने अभी तक डेटिंग अफवाहों पर प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### कौन हैं प्रताप बाजवा

प्रताप बाजवा पंजाब में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सदस्य और राजनीतिज्ञ फतेह सिंह बाजवा के बेटे हैं। वह सिंह इज ब्लिंग में सहायक थे और उन्होंने बैंड ऑफ महाराजा फिल्म में काम किया है। अभिनेता और मॉडल होने के अलावा, वह फिटनेस के भी शौकीन हैं। वह एक प्रशिक्षित एमएमए फाइटर हैं।

### सारा अली खान की फिल्म


इस बीच सारा अली खान वीर पहाड़िया के साथ अपने पिछले रिलेशनशिप की अफवाहों के कारण चर्चा में हैं। दोनों ने हाल ही में रिलीज हुई फिल्म स्काई फोर्स में एक साथ काम किया था, जिसमें उन्होंने एक-दूसरे के पति-पत्नी का किरदार निभाया था। दर्शकों द्वारा उनकी शानदार केमिस्ट्री की तारीफ की जा रही है।



# वीर पहाड़िया ने स्काईफोर्स के लिए ली जान्हवी कपूर से सलाह

फिल्म स्काईफोर्स में वीर पहाड़िया बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर रहे हैं। वीर अपने इंडस्ट्री के दोस्तों और करीब परिवार जान्हवी कपूर से टिप्स लेते रहते हैं। उन्होंने इस बारे में अब खुलकर बात की है। उभरते हुए अभिनेता ने अपने भाई की गर्लफ्रेंड से टिप्स लेने की बात स्वीकार की और कहा मैं उनसे कोई भी सलाह मांगने का मौका नहीं छोड़ता। उन्होंने कहा, मेरे सभी दोस्त अभिनेता हैं, मैं उनसे कोई भी सलाह लेने का मौका नहीं छोड़ता। और वह काफी अनुभवी हैं। तो हां, मैंने तो कई सारी चीजों को लेकर बात की है। अपनी आगामी फिल्म स्काईफोर्स को लेकर वीर पहाड़िया ने बात की है। उन्होंने कहा कि फिल्म गुंजन सक्सेना में भी जान्हवी ने एक कारगिल गर्ल का किरदार निभाया है, ठीक वैसे ही आगामी एक्शन फिल्म निभाने जा रहे हैं। इसके लिए उन्होंने जान्हवी कपूर से सलाह ली थी।

वीर पहाड़िया आगे कहते हैं, 'स्क्वाड्रन लीडर अज्जामद बोपय्या देवय्या का किरदार निभाने को लेकर मैं डर हुआ था।



# कभी चाय बेचकर रोजाना 50 रुपये कमाए, अब फिल्म के लिए ली 200 करोड़ की फीस

पैन इंडिया फिल्म केजीएफ ने साउथ अभिनेता यश को भारत ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में पहचान दिलाई। वह इस फिल्म से पैन इंडिया पैन इंडिया स्टार भी बना दिया। केजीएफ के बाद इसके दूसरे भाग ने तो दर्शकों के बीच यश की लोकप्रियता को आसमान तक पहुंचा दिया। दोनों फिल्मों ने कुल मिलाकर 1500 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की, जो अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली कन्नड़ फिल्मों में से एक है। इस सफलता ने यश को सुपरस्टार के रूप में स्थापित किया, लेकिन यहां तक पहुंचना यश के लिए आसान नहीं था। एक साधारण बस ड्राइवर के बेटे के रूप में शुरुआत करने वाले यश ने सफलता के लिए लंबा सफर तय किया। जब यश की उम्र सिर्फ 16 साल थी, तब उन्होंने अपने माता-पिता को घर छोड़ने और सिनेमा में अपना सपना पूरा करने के लिए मना लिया था। उन्हें एक कन्नड़ फिल्म में सहायक निर्देशक के तौर पर काम पर रखा गया था। हालांकि, बैंगलोर पहुंचने के दो दिन बाद ही इस प्रोजेक्ट को बंद कर दिया गया। इस बारे में बात करते हुए अभिनेता ने कहा, मैं अपने घर से भाग गया। जब मैं बेंगलुरु आया तो मैं पहुंचते ही डर गया। इतना बड़ा, डराने वाला शहर, लेकिन मैं हमेशा से ही एक आत्मविश्वासी लड़का था। मैं संघर्ष करने से नहीं डरता था। जब मैं बेंगलुरु पहुंचे, तो मेरी जेब में सिर्फ 300 रुपये थे। मुझे पता था कि अगर मैं वापस गया तो मेरे माता-पिता मुझे कभी यहां वापस नहीं आने देंगे।

### ऐसे शुरू हुआ यश का फिल्मी सफर

यश के पास सिर्फ 300 रुपये थे और वह बेनका ड्रामा ट्रूप में शामिल हो गए। यहां वह बैकस्टेज हैंड के तौर पर काम करते थे। यहां वह चाय परोसने जैसे छोटे-मोटे काम करते थे और 50 रुपये प्रतिदिन कमाते थे। थिएटर में अपनी कला को निखारने के साथ-साथ यश ने कॉलेज में भी दाखिला लिया। आखिरकार, उन्हें टीवी सीरीज नंदा गोकुला में अभिनय का मौका मिला, जहां उनकी मुलाकात अभिनेत्री राधिका पंडित (अब पत्नी) से हुई। 2007 में, यश ने रॉकी (2008) में मुख्य भूमिका निभाने से पहले, जांबाडा हुडुगी में सहायक भूमिका के साथ फिल्मों में कदम रखा।

### कई हिट फिल्मों में काम कर चुके हैं यश

आखिरकार यश को मोडालासाला में रोमांटिक कॉमेडी के साथ एक प्रमुख स्टार के रूप में सफलता मिली। अगले वर्ष उन्होंने किराटका की सफलता के साथ खुद को एक बैंकेबल स्टार के रूप में स्थापित किया। अगले कुछ वर्षों में उन्होंने मोगिना मनासु, ड्रामा, गुगली, मिस्टर एंड मिसेज रामचारी और मास्टरपीस जैसी हिट फिल्में दीं।

### केजीएफ से मिला स्टारडम

2018 में यश ने केजीएफ- चैप्टर 1 में अभिनय किया, जिसने 250 करोड़ की कमाई करके बॉक्स ऑफिस के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। यह अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली कन्नड़ फिल्म थी। यह रिकॉर्ड चार साल तक कायम रहा। उसके बाद केजीएफ- चैप्टर 2 ने 1250 करोड़ रुपये की शानदार कमाई करके इसे तोड़ दिया। यह फिल्म अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों में से एक है और 1000 करोड़ रुपये से ज़्यादा की कमाई करने वाली इकलौती कन्नड़ फिल्म है।

### कन्नड़ सिनेमा से बाहर भी यश की दुनिया

केजीएफ से मिले नेशनल स्टारडम ने यश को कन्नड़ सिनेमा से बाहर निकलने में मदद की।

# स्पर्श श्रीवास्तव निभाएंगे नेगेटिव रोल

एनसी24 में नागा चैतन्य के साथ लापता लेडीज के अभिनेता नजर आने वाले हैं। लेकिन इस बार वह किसी हीरो के किरदार में नहीं बल्कि एक विलेन के रोल में नजर आएंगे। आइए जानते हैं यहां किस अभिनेता की बात हो रही है। नवंबर 2024 में, आधिकारिक तौर पर घोषणा की गई कि थंडेल अभिनेता नागा चैतन्य और विरुपाक्ष निर्देशक कार्तिक वर्मा दंडू ने एक अखिल भारतीय रहस्यवादी थ्रिलर के लिए हाथ मिलाया है, जिसका शीर्षक अस्थायी रूप से एनसी 24 रखा गया है। फिल्म अभी प्री-प्रोडक्शन चरण में है। जानकारी के अनुसार, कथित तौर पर इस फिल्म में लापता लेडीज में अपनी भूमिका के लिए मशहूर अभिनेता स्पर्श श्रीवास्तव को खलनायक की भूमिका के लिए चुना गया है।

